# जागरण : नर्मदापुरम् : इटारसी : बैतूल : हरदा

www.dainikjagranmpcg.com



## न्यूज कार्नर

### माया नारोलिया ने रेल मंत्री के पितृशोक पर व्यक्त की शोक संवेदनाएं



**जागरण, नर्मदापुरम।** केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के पिता के निधन के पश्चात राज्यसभा सांसद एवं मप्र भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष माया नारोलिया ने दिल्ली में मंत्री श्री वैष्णव से भेंट कर अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त की। सांसद माया नरोलिया ने दिवंगत श्री वैष्णव की आत्मा की शांति हेतु श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि श्री दाउलाल वैष्णव जी एक सरल, स्नेही और प्रेरणादायक व्यक्तित्व के धनी थे, उनका जाना समाज के लिए एक अपूरणीय क्षति है।

### राज्य स्तरीय स्पर्धा में शामिल हुए विद्यार्थी



**जागरण, पचमढ़ी।** राज्य स्तरीय सुब्रोतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता 2025 का आयोजन सीहोर में किया गया, जिसमें संभाग स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली 17 वर्ष आयु वर्ग प्रतियोगिता में मप्र से शासकीय विद्यालयों का प्रतिनिधित्व करने वाला एकमात्र विद्यालय सांदीपनि विद्यालय पचमढ़ी है, जो नगर के लिए गौरव की बात है। प्रतियोगिता में खेल शिक्षक संतोष यादव, किसन लाल उइके, कोच व मैनेजर के रूप में उपस्थित रहे। शासकीय विद्यालय की इस उपलब्धि पर संयुक्त संचालक, संभागीय क्रीड़ा अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला क्रीड़ा अधिकारी, जिला फुटबॉल संघ समस्त विकासखंड क्रीड़ा अधिकारियों, नागरिकों, खिलाड़ियों द्वारा शुभकामनाएं दी गई। विद्यार्थियों को इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्राचार्य मनीष गुप्ता, रुपनारायण श्रीवास, संतोष यादव ने बधाई दी।

### महाविद्यालय में लगा रोजगार कैंप



**जागरण, माखननगर।** महाविद्यालय में रोजगार कैंप का आयोजन जिला रोजगार कार्यालय द्वारा कराया गया, जिसमें विभिन्न कंपनियों ने प्रतिभागियों की प्रतिभा के अनुरूप रोजगार और स्वरोजगार के क्षेत्र में प्रतिभागियों को प्रशिक्षण हेतु कंपनियों ट्राइडेंट बुधनी, वर्धमान बुधनी, पुखराज, शिव शक्ति एग्रीगेट, डिफरेंट मैनेजमेंट डेवलपमेंट, एलआईसी विस्तृत जानकारी दी। रोजगार कैंप में विद्यार्थियों का रुझान सफलतापूर्वक रहा। 110 विद्यार्थियों में से 52 विद्यार्थियों का प्राथमिक चयन प्रशिक्षण हेतु किया गया। प्रभारी प्राचार्य डॉ आईएस कनेश के मार्गदर्शन में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ क्षमा मेहरा के नेतत्व मे महाविद्यालय में कैंप का आयोजन किया गया।

### लीना बनी प्रदेश महामंत्री

**जागरण, सिवनी मालवा।** भाजपा महिला मोर्चा की उपाध्यक्ष और मीडिया प्रभारी लीना यादव शर्मा को टीम मोदी सपोर्ट्स संगठन के महिला प्रकोष्ठ से प्रदेश महामंत्री के पद पर नियुक्त किया गया है। लीना यादव शर्मा को प्रदेश महामंत्री के पद पर भरत सिंह राष्ट्रीय प्रभारी एवं संजय दुबे राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष की अनुशंसा पर नियुक्ति प्रदान की है।

### नशे से मुक्ति अभियान

**जागरण, सिवनीमालवा।** नशे से मुक्ति के लिए पुलिस विभाग द्वारा नशा मुक्ति अभियान चलाया जा रहा है। नशा मक्ति अभियान के तहत उप निरीक्षक सहजाद खान युवाओं को सजग और सतर्क कर रहे है। साथ ही युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए शपथ दिला रहे है। उन्होंने कहा कि नशे से शारीरिक, मानसिक और आर्थिक नुकसान के सिवाए कुछ प्राप्त नही होता है। आपकी समाजिक मान प्रतिष्ठा पर कुठाराघात होता है।

### बिहार के गया जिले के चार आरोपी करते थे एटीएम में कार्ड फंसा कर ठगी

# एटीएम फ्रॉड करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह को चार घंटे में किया गिरफ्तार

**जागरण, पिपरिया।** साइबर ठगी के लिए बहुचर्चित वेबसीरीज जमतारा की तर्ज पर एटीएम मशीन में कार्ड फंसाकर लोगों के रूपये ठगने वाले एक अंतरराज्यीय गिरोह को पकड़ने में पुलिस को सफलता मिली है। पिपरिया में जमतारा सीरीज से प्रेरित एटीएम में फ्रॉड करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह के चार सदस्यों को पिपरिया में घटना को अंजाम देने के चार घंटों में पुलिस ने गिरफ्तार किया है। चारों आरोपी बिहार के गया जिले के निवासी हैं।



#### इस तरह करते थे घटना

आरोपी बिना नंबर की आल्टो कार से आते थे और एटीएम मशीन में कार्ड स्लॉट पर ग्लू लगाते थे ताकि कार्ड फंस जाए। साथ ही एटीएम बूथ में एक फर्जी हेल्पलाइन नंबर चिपकाते थे, जो उनका स्वयं का मोबाइल नंबर होता था। जैसे ही कोई व्यक्ति कार्ड निकालने में असफल होता और नंबर पर कॉल करता। फिर हेल्पलाइन नंबर वाला कॉलर मदद के लिए किसी को भेजता था। फिर कॉलर बाते करते हुए इंटर कर पिन दबाने का कहता था। इस बीच मदद के लिए आया युवक एटीएम का पिन देख लेता था। एटीएम कार्ड नहीं निकलने कॉलर मशीन की चाबी लेने दूसरी जगह पीड़ित को भेज देते थे। बाद में एटीएम में मौजूद आरोपी कार्ड निकालकर भाग जाता था और दूसरे एटीएम पहुंचकर रुपए उस एटीएम से पैसे विड्रा कर लेते थे।

पिपरिया में भी आरोपियों ने एटीएम पर इस तरह हेल्पलाइन नंबर चिपकाया था और एक स्थानीय पत्रकार के खाते से 25 हजार निकाले। पिपरिया निवासी संदीप चौरसिया ने पुलिस को बताया कि गुरुवार सुबह 8:40 बजे उन्होंने सांडिया रोड पर एसबीआई एटीएम में पैसे निकालने की कोशिश की लेकिन कार्ड फंस गया। एटीएम में चस्पा हेल्पलाइन नंबर पर कॉल किया, जिस पर आरोपी ने झांसा देकर पिन नंबर ले लिया। बाद में एटीएम से 25 हजार रुपए निकाले गए और मॉल से 420 रुपए की शॉपिंग भी की गई।

शिकायत पर एक्शन में आई। मंगलवारा पुलिस ने एटीएम और आसपास के सीसीटीवी कैमरों की मदद ली और टीआई गिरीश त्रिपाठी ने दलबल के साथ मुख्यालय नर्मदापुरम से दोपहर 1 बजे आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरोह में अविनाश सिंह पिता उदय सिंह (38) निवासी सराय जिला गया, सूरज कुमार पिता विनय सिंह (26) निवासी जिला गया बिहार, धर्मेंद्र कुमार पिता अरविंद सिंह (21) निवासी सराय जिला गया, राजेश कुमार पिता उमाशंकर निवासी जिला गया बिहार शामिल हैं। इनके पास से वारदात में प्रयुक्त एक ऑल्टो कार और कुछ चाबियां और कुछ एटीएम कार्ड भी बरामद किए गए हैं। सभी आरोपियों को पिपरिया लाकर पूछताछ की जा रही है।

#### रायपुर में भी की चोरी

डीएसपी मोहन सारवान के अनुसार, सभी आरोपियों की फ्रॉड में अलग-अलग भूमिका थी, एक कॉलर बनता था, दो मदद के लिए पहुंचते थे, और एक रुपए निकालने या कागज चिपकाने का काम करता था। गिरोह छत्तीसगढ़ के रायपुर सहित कई स्थानों पर वारदात कर चुका है। पुलिस के अनुसार आरोपियों से पूछताछ के दौरान कुछ अन्य घटनाओं की जानकारी भी मिल सकती है।

## लायंस ऑफ पिपरिया के नवनिर्वाचित सदस्यों ने ली शपथ




**जागरण, पिपरिया।** लायंस ऑफ पिपरिया का दायित्व ग्रहण समारोह एक निजी गार्डन में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता पिपरिया सिटी अध्यक्ष लायन डा. कमल पालीवाल और पिपरिया नर्मदा अध्यक्ष लायन सीमा तोषनीवाल ने की। मुख्य अतिथि एमसीसी लायन मनीष शाह और संस्थापन अधिकारी वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर प्रथम लायन महेश मालवीय, चेयरपर्सन लायन अरविंद राय ने दीप प्रज्वलित किया। स्वागत भाषण लायन अरविंद राय ने दिया। अध्यक्ष लायन डॉ कमल पालीवाल ने अपने अध्यक्षीय कार्यकाल में सहयोग हेतु सभी साथियों का आभार व्यक्त किया। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन मनीष शाह की उपलब्धियों की सराहना कर एमसीसी बनना पिपरिया के लिए गौरवशाली क्षण है। लायन गोपाल सिंह राज ने विगत वर्ष की सेवा गतिविधियों को सदन के समक्ष रखा और वर्षभर की उपलब्धियों से सदन को अवगत कराया। इसके बाद डिस्ट्रिक्ट केबिनेट की पूर्व सचिव एमजेएफ लायन उर्वशी शाह ने 8 नए लियो साथियों को लियो वल्लभ मल्ल की उपस्थिति में शपथ दिलाई। लायन महेश मालवीय ने लायंस इंटरनेशनल के लक्ष्यों के बारे में बताते हुए मिशन 1.5 के बारे में माध्यम से सदस्यता वृद्धि के लिए आव्हान किया फिर संचालक मंडल को शपथ दिलाई। कोषाध्यक्ष लायन मुकुंद सिरोहिया, सहसचिव लायन किरण मूंदड़ा सचिव लायन मनोज जवार, लायन गोपाल सिंह राज, उपाध्यक्ष लायन नीलम पचौरी, लायन दर्शना पटेल, लायन भूपेंद्र सिंह लायन गिरराज, लायन नरेश वर्मा और अंत में आगामी वर्ष के पिपरिया सिटी लायन मनोज नागोत्रा और ममता नर्मदा अध्यक्ष लायन लोचन सागर प्रजापति और श्रीमति प्रजापति और लियो अध्यक्ष लियो वल्लभ मल्ल को शपथ दिलाई। मुख्य अतिथि और संस्थापन अधिकारी ने दोनों नव निर्वाचित अध्यक्ष को सत्ता का प्रतीक गेबन प्रदान किया। सचिव लायन मनोज जवार ने पीढ़ित मानव सेवार्थ कार्यों की योजना रखी। एमसीएल लायन मनीष शाह ने अपने उद्बोधन में प्रत्येक लायन साथी के सहयोग हेतु आभार माना और लायन सीमा तोषनीवाल ने आभार प्रदर्शन किया।

## सभी उपार्जन केन्द्रों पर चाक चौबंद हों व्यवस्था

**जागरण, नर्मदापुरम।** गुरुवार को कलेक्टर द्वारा डोलरिया तहसील में स्थित मूंग उपार्जन केंद्रों का औचक निरीक्षण कर संपूर्ण खरीदी प्रक्रिया की समीक्षा की गई। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने सफल एग्रोटेक वेयरहाउस बहराखेड़ी, सरस्वती वेयरहाउस डोलरिया, शिव वेयरहाउस आंवरी एवं आनंद वेयरहाउस नानपा का दौरा कर उपज तौल, बारदाना व्यवस्था, भुगतान की प्रक्रिया, कानून व्यवस्था की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने निर्देशित किया कि केंद्रों पर स्लॉट बुकिंग करने वाले किसानों की उपज का समय पर उपार्जन सुनिश्चित किया जाए। आनंद वेयरहाउस नानपा पर अत्यधिक स्लॉट बुकिंग पाए जाने पर कलेक्टर ने उप संचालक कृषि जेआर हेडाउ को तत्काल दूरभाष के माध्यम से निर्देश दिए कि कुछ स्लॉट अन्य केंद्रों पर शिफ्ट कर किसानों की उपज का शीघ्र उपार्जन कराया जाए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी स्थिति में किसानों के स्लॉट एक्सपायर न हों।

## नागद्वारी मेले में बारिश के बीच बरस रही भक्ति की फुहार

### ढोल-नगाड़ों की थाप पर नाचते शिवभक्तों में दिखा भरपूर उत्साह



**जागरण, पचमढ़ी।** हिलस्टेशन में हो रही बारिश ने वातावरण को खुशनुमा बना दिया है। पचमढ़ी की इन सुरम्य वादियों में शिव भक्तों का जनसैलाब पूरी भक्ति एवं उत्साह के साथ नागद्वारी की दुर्गम यात्रा को पूरा कर रहे हैं। यात्रा में भक्तों का उत्साह देखते ही बनता है। यात्रा के दौरान बुजुर्ग महिलाएं सहित छोटे-छोटे बच्चे भी भगवान भोलेनाथ के जयकारे लगाते हुए त्रिशूल हाथ में लिए संपूर्ण नागद्वारी ट्रैक से गुजर कर पद्मशेष नागद्वार गुफा अपने आराध्य के दर्शन करने पहुंच रहे हैं। बारिश की रिमझिम फुहार में शिव भक्त नाचते गाते हुए ढोल नगाड़े बजाते हुए भगवान भोलेनाथ की भक्ति में लीन होकर यात्रा का आनंद ले रहे हैं। मेले के दौरान ड्यूटी में तैनात पुलिस बल के जवानों एवं होमगार्ड सैनिकों द्वारा भक्तों को सुरक्षित आवागमन के लिए भी समझाइश दी जा रही है। परिवहन विभाग द्वारा भी मटकुली पगारा एवं पचमढ़ी मेला क्षेत्र में वाहनों की सघन चेकिंग की जा रही है तथा अनियमितता बरतने वाले वाहन चालकों पर जुर्माने की कार्यवाही भी की जा रही है। मटकुली में स्थापित पुलिस सहायता केंद्र के द्वारा भारी वाहनों को भी पचमढ़ी में प्रवेश करने से रोका जा रहा है। मेले के दौरान भारी बारिश के चलते सड़कों को भी नुकसान पहुंचा है इसके लिए पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा निरंतर सुधार कार्य कर सड़कों को आवागमन के लिए सुलभ बनाया जा रहा है। महादेव मेला समिति में कंट्रोल रूम 24×7 सतत मेला क्षेत्र में होने वाली समस्त गतिविधियों पर निरन्तर नजर बनाये रखा है, जिसमें श्रद्धालुओं की सुविधाओं और सुरक्षा को देखते हुए कंट्रोल रूम नंबर 252025 जारी किया गया है। कंट्रोल रूम में विभिन्न सेक्टरों से प्राप्त कुल 29 गुमशुदा में से 18 को प्रशासन एवं पुलिस की मदद से तत्काल अपने परिजनों के पास सुरक्षित मिलवाया गया एवं शेष 11 लोगों के परिजनों से भी संपर्क कर सूचित कर दिया गया है। जिसमें नागपुर के धर्मराज शिंदे पिता अमन जो काजरी से परिजनों से बिछड गये थे, इन्हें पुलिस एवं प्रशासन द्वारा मिलवाया गया। परदेशनी वर्मा जो पचमढी बस स्टेण्ड से गुम हो गये थे उन्हें भी सूचना मिलते ही प्रशासन ने उनकी बहन मीना वर्मा जो छत्तीसगढ से आयी थी उन्हें सौंप दिया इसके अतिरिक्त तनवीर निशांत जो नागपुर से नागद्वार आये थे, कालाझाड से परिजनों से बिछड गये थे कंट्रोल रूम में सूचना प्राप्त होते ही सब प्वाइंटों पर सूचना दी गई जिससे उनके परिजनों को वह पुनः मिल सके। जलगली, कालाझाड, चितांमन एवं नागद्वार इस स्थलों पर मोबाईल में नेटवर्क की अनुपलब्धता के कारण इन स्थलों से वायरलेस के माध्यम से जोड़ा गया है जिससे सूचना का आदान प्रदान पचमढ़ी कंट्रोल रूम में प्राप्त होता रहे।

**सम्मान** | पार्षद निर्मला हंस राय के निवास पर हुआ स्वच्छता दूतों का सम्मान

# स्वच्छता दूतों के कठिन परिश्रम से ही मिली नगर को अच्छी रेटिंग : नपाध्यक्ष

**जागरण, नर्मदापुरम।** स्वच्छ सर्वेक्षण में नगरपालिका को थ्री स्टार मिलने पर नगरपालिका के स्वच्छतादूतों और विभिन्न शाखाओं के कर्मचारियों का वार्ड क्रमांक 15 की पार्षद निर्मला हंस राय के निवास पर सम्मान किया। नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव ने कहा कि आपके कठिन परिश्रम का नतीजा है कि नर्मदापुरम नगर को स्वच्छ सर्वेक्षण में थ्री स्टार रेटिंग मिली है। आगे भी आप परिश्रम करते रहें जिससें हमारा नगर स्वच्छता में नंबर 01 आए। यह एक सकारात्मक पहल है कि पार्षद श्रीमती राय द्वारा स्वच्छतादूतों का सम्मान कर उनकी हौंसला अफजाई की गई। इस अवसर पर भाजपा नेता हंस राय सहित वार्डवासी आरसी वर्मा, एमएल पाल, अशोक कुमार पालीवाल, शिवदर्शन सिंह, महेश सेन, राधेश्याम शर्मा, राजू व्यास, राजकुमार पाल, मनीष राय, शांति राय, रत्ना सेंगर, गायत्री चंदेले, मंजू व्यास, प्रीति राय, वैष्णवी व्यास आदि उपस्थित रहे। सम्मान समारोह में जल प्रदाय शाखा से पंप आपरेटर भोलाराम साहू, कमल वर्मा, जगदीश कहार, नीतेश व्यास, हेमराज कहार, चंद्रपाल जाट, सफाई शाखा से आदि का सम्मान किया।



**नपाध्यक्ष ने कराया सड़क निर्माण का कार्य प्रारंभ :** नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव द्वारा वार्ड क्रमांक 17 में टैगोर स्कूल के सामने से मेन रोड तक बनने वाली सड़क का गुरूवार को कार्य प्रारंभ कराया गया है। नपाध्यक्ष ने बताया कि इस वार्ड की यह सड़क प्रमुख है, यहां स्कूली बच्चों और रहवासियों को काफी दिक्कत होती थी। सड़क निर्माण से नागरिकों को राहत मिलेगी।

**जीर्णशीर्ण भवन पर चला नगर पालिका का बुलडोजर**

नगर के जीर्ण शीर्ण हो चुके समस्त भवनों को नगरपालिका द्वारा तोड़ा जा रहा है। गुरूवार को ग्वालटोली स्कूल को बरसते पानी में नगरपालिका के अतिक्रमण दल द्वारा तोड़ा गया। अतिक्रमण दल प्रभारी सुनील राजपूत ने बताया कि नपाध्यक्ष एवं सीएमओ के सख्त निर्देश हैं कि नगर के जीर्ण शीर्ण समस्त भवनों को तोड़ें, जिससे कि किसी भी प्रकार की जनहानि न हो। ग्वालटोली स्कूल का पुराना भवन बेहद ही पुराना हो गया था गुरूवार को बुलडोजर की मदद से तोड़ दिया गया। वहीं अन्य जीर्ण शीर्ण भवनों के मालिकों को नोटिस दिए गए हैं, जल्द ही कार्रवाई की जाएगी।

## हरियाली अमावस्या पर हुए नर्मदांचल में विभिन्न आयोजन



**जागरण, नर्मदापुरम।** हरियाली अमावस्या पर नर्मदांचल में विभिन्न आयोजन किए गए। इस दौरान सेठानी घाट के विंध्याचल शेड में चल रहे शिव अभिषेक में भी हरियाली की छठा दिखाई दी कार्यक्रम स्थल को हरे हरे पेड पौधे से सजाया गया। वहीं प्रसाद में मूंग चावल की खिचड़ी का भोग लगाया गया। वहीं गुरूवार को शिव जी पर एक क्विंटल चावल से अभिषेक किया गया। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे और हर हर महादेव के जयकारे लगाते रहे। आखिर में पार्थिव शिव जी पर जिन एक क्विंटल चावल से अभिषेक किया गया था उन चावल को सभी श्रद्धालुओ में बांट दिया गया। शिव अभिषेक के दौरान आचार्य सोमेश परसाई ने मंच से कहा कि कन्या और महिलाओं की रक्षा करना हम सबका सबसे बड़ा धर्म है, बेटा और बेटी का भेद जानकर की गई भ्रूण हत्या का पाप बहुत ज्यादा लगता अतः भ्रूण हत्या ना कराना ना कराने देना। उन्होने हरियाली अमावस्या पर पौधरोपण की बात कही।

### बज्जरवाड़ा में निकाली पर्यावरण संरक्षण यात्रा

**जागरण माखन नगर।** हरियाली अमावस्या के अवसर पर मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के नवांकुर सखी अभियान अंतर्गत ग्राम बज्जरवाड़ा में हरियाली यात्रा निकालकर पर्यावरण संरक्षण हेतु पेड़ एवं बीज वितरित किए गए। इस अवसर पर जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक पवन सहगल, मंडल अध्यक्ष विपिन यादव, ब्लॉक समन्वय नरेंद्र देशमुख, सरपंच प्रतिनिधि महेंद्र यादव, हरीश नामदेव सुरेश यादव, लक्ष्मी नारायण यादव एवं नवांकुर सखी प्रमुख रूप से उपस्थित थे।



### संकल्प संस्था ने कराया अखंड रामायण पाठ

**जागरण, नर्मदापुरम।** श्रावण मास में विभिन्न धार्मिक आयोजन किए जा रहे है। वहीं शांति नगर शिव कॉलोनी में संकल्प संस्था द्वारा शंकर मंदिर में प्रति वर्षानुसार अखंड रामायण का पाठ किया गया। इस अवसर पर नारी शक्ति मीना वर्मा, शकुंतला तोमर, रानी सोलंकी, राखी चौकसे, सुषमा पारे, अनीता चौहान, मालती मेहरा, ज्योति तिवारी, रेखा रघुवंशी, उमा सैनी, शकुंतला यादव द्वारा भक्तिभाव से संगीतमय रामायण पाठ किया गया।



## प्रकाश भदौरिया के पुण्य स्मरण में किया पौधरोपण



**जागरण, नर्मदापुरम।** नगर के ख्यात कॉलोनाइजर स्व. प्रकाश सिंह भदौरिया की 20वीं पुण्यतिथि पर उनके परिजन दुर्गा भदौरिया, हरिहर प्रताप सिंह, पप्पू भदौरिया, डा सुयश भदौरिया, डा नितिका भदौरिया, डा शिवा संदीप सिंह राठौर, कुश, लव, डा विक्रम भदौरिया, भरत सिंह भदौरिया, अवधेश सिंह, आर्यन सिंह, प्रबल सिंह आदि परिजनों ने पुण्य स्मरण करते हुए अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। वहीं स्व. श्री भदौरिया के पुण्य स्मरण पर भदौरिया मित्रमंडल, भारत विकास परिषद एवं शिर्वाचन समिति के सदस्यों ने धर्माचार्य सोमेश परसाई के आशीर्वाद एवं निर्देशन में डीएस दांगी, वंदना शर्मा, अमरज्योति भदौरिया, जया चौहान, मीना तोमर, उषा अग्रवाल, शैल चौहान, सुनीता अग्रवाल, विक्रांत चौकसे, अंबिका राजपूत, भारत भदौरिया, विक्रम सिंह, शुभम राजपूत, शुभम गुप्ता, गोविंद सैनी, पुष्पेन्द्र ठाकुर, रवि साहू, आदित्य दुबे, प्रकाश राठौर, सार्थक जैन, अवधेश सिंह राजपूत आदि ने अहिल्याबाई वाटिका सुदर्शन महादेव मंदिर ईशान परिसर में आम, बादाम, बेलपत्र आदि का पौधारोपण किया। आचार्य सोमेश परसाई ने कहा कि प्रत्येक परिवार को अपने पूर्वजों की स्मृति में पौधारोपण करना चाहिए ताकि हम प्रकृति का संरक्षण कर उन पुण्य आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित कर सकें। पप्पू भदौरिया ने कहा कि सिंह बिल्डर्स, प्रकाश मल्टीस्पेशलिटी क्लीनिक एंड लेब, श्री रेसीडेंसी, श्री हास्पिटल सहित आज जो कुछ भी है वह प्रकाश भैया की देन है। उन्होंने सदैव परिश्रम के साथ कार्य करने की सीख दी है।

### नपाध्यक्ष और सीएमओ ने की जनसुनवाई




नगर पालिका में प्रति गुरूवार को नागरिकों की समस्याओं का समाधान करने जनसुनवाई नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं सीएमओ हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर शुरू की गई है, जिसका परिणाम है कि नागरिकों की समस्याओं के समाधान करने में तेजी आई है। कार्यालय अधीक्षक योगेश सोनी ने बताया कि आज जनसुनवाई में विभिन्न प्रकार की समस्याएं आई थीं जिनका समाधान किया गया है। जिसमें प्रमुख रूप से ग्वालटोली के धनश्याम रैकवार की संबल कार्ड बनाने एवं केवायसी आदि समस्याओं के आवेदन पर तुरंत कार्यवाही की गयी।

## न्यूज कार्नर

### आज दो शिफ्ट में होगी बिजली कटौती

**जागरण, इटारसी।** शहर में विद्युत वितरण कंपनी के कार्यालय के द्वारा डीटीआर कार्य के चलते 25 जुलाई को पीपल मोहल्ला उप केंद्र से संचालित 11 केवी टाउन फीडर पर दोपहर 1 बजे से 2 बजे और बूढ़ी माता उपकेंद्र से संचालित 11 केवी नाला मोहल्ला फीडर पर दोपहर 3 बजे से 5 तक बिजली कटौती की जाएगी। इस दौरान संपूर्ण मार्केट एरिया, नेहरूगंज, पीपल मोहल्ला, लाइन एरिया, नाला मोहल्ला, फकीर मोहल्ला क्षेत्र प्रभावित रहेंगे।

### इटारसी में बरसा 4.7 इंच पानी

**जागरण, इटारसी।** नर्मदापुरम जिले में पिछले चौबीस घंटे में इटारसी में सबसे अधिक वर्षा दर्ज की गई है। यहां 4.7 इंच वर्षा रिकार्ड की गई है। पचमढ़ी में 82.8 मिमी वर्षा और तवा के कैचमेंट एरिया में 58.40 मिमी वर्षा होने से तवा बांध के जलस्तर में बढ़ोतरी हुई और जलस्तर गवर्निंग लेबल से भी करीब आधा फिट ज्यादा हो गया है। आज सुबह 8 बजे तवा बांध का जलस्तर 1158.50 फिट था। बिजली बनाने के लिए एचईजी को 3600 क्यूसेक पानी दिया जा रहा है।

### पुलिया की मरम्मत आवागमन बहाल

**जागरण, इटारसी।** शहर से धरमकुंडी रोड जमानी गांव विद्युत सब स्टेशन के पास बुधवार के दिन भारी बारिश के कारण पुल के नीचे पानी के कटाव से सुरंग बन गई थी, जिसे आज उस क्षतिग्रस्त पुलिया की मरम्मत के बाद यातायात व्यवस्था फिर से सुचारू कर दी गई है। पुल क्षतिग्रस्त होने से दो दर्जन गांवों का संपर्क प्रभावित हो गया था। अब विभाग द्वारा मरम्मत के उपरांत सड़क खोल दी गई है। स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली है।

### बिछुआ में एक घर से पकड़ा कोबरा सांप

**जागरण, इटारसी।** बरसात का मौसम चल रहा है। जहरीले जीव जंतु जमीन से बाहर निकलने लगे हैं। गुरुवार को ग्राम बिछुआ में स्थित शुभम सराठे के घर पर कोबरा सांप दिखाई दिया। इसके बाद सर्प मित्र मोहम्मद आमिर कुरेशी को सूचना दी गई। सर्पमित्र अपनी टीम के साथ पहुंचे और कोबरा सांप को सुरक्षित पकड़ लिया गया। इसके बाद उसे पास के जंगलों में छोड़ दिया गया।

### एमजीएम से निकाली जागरुकता रैली

**जागरण, इटारसी।** शासकीय महात्मा गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 22 जुलाई को राष्ट्रीय सेवा योजना की बालक इकाई एवं बालिका इकाई के तत्वावधान में नशा मुक्ति जागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें नशे से दूर रहने की हिदायत दी गई और नशा मुक्त भारत की शपथ ली गई। इस दौरान 100 से अधिक छात्र-छात्राओं ने रैली में भाग लिया। उक्त कार्यक्रम प्रभारी डॉ. आशुतोष मालवीय एवं समस्त स्टाफ और प्राचार्य डॉ. राकेश मेहता एवं जन भागीदारी अध्यक्ष डॉ. नीरज जैन के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

### भागवत कथा में उमड़ रही भीड़

**जागरण, इटारसी।** तवानगर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिवस में कथावाचक पं. अविनाश तिवारी ने श्रीकृष्ण जन्म की कथा सुनाई। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

शहर में विभिन्न स्थानों के एक दर्जन से अधिक भवनों पर चल चुका बुलडोजर

# नगर पालिका ने गिराया पुत्री शाला और स्टेशनगंज स्कूल का जर्जर भवन

### नगर पालिका ने सर्वे कराके शहर में 58 जर्जर भवन किए चिह्नित

**जागरण, इटारसी।** नगर पालिका के अमले ने आज रेस्ट हाउस के सामने स्थित शासकीय प्राथमिक पुत्री शाला का जर्जर भवन ढहा दिया। सीएमओ ने बताया कि इसके अलावा आज ही शासकीय स्टेशनगंज स्कूल के जर्जर भवन का हिस्सा भी ढहाया गया है।



मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती रितु मेहरा ने बताया कि नगर पालिका ने शहर में चिह्नित 58 जर्जर भवनों में से 13 मकान तोड़ दिये हैं, 12 भवन मकान मालिकों ने स्वयं तोड़ लिए हैं, शेष में मकान मालिकों ने मरम्मत कार्य करा लिया है, कुछ में किरायेदार और मकान मालिक का विवाद कोर्ट में है। आगे की कार्रवाई के लिए नगर पालिका ने एसडीएम को पत्र के माध्यम से सूचित कर दिया है।

सीएमओ ने बताया कि नगर पालिका ने शहर में सर्वे कराया था तो 58 जर्जर भवन पाये गये थे। सभी को नोटिस के माध्यम से सूचित किया था, कि या तो वे अपना जर्जर भवन तोड़ लें अन्यथा नगर पालिका तोड़ देगी। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों ने अपने भवनों की मरम्मत करा ली है। नगर पालिका की तकनीकि टीम उन भवनों का सर्वे करेगी, यदि मरम्मत में कमी मिली या वे मरम्मत के बावजूद मजबूत नहीं हुए तो फिर उन भवनों को भी तोड़ने की कार्रवाई की जाएगी।

## राष्ट्रीय फुटबाल प्रतियोगिता में मालवीय का हुआ चयन

**जागरण, इटारसी।** जूनियर बालक राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश फुटबॉल टीम का प्रतिनिधित्व करने के लिए नर्मदापुरम जिला फुटबाल संघ के नव जागृति फुटबॉल क्लब, न्यू यार्ड से आशीष मालवीय का चयन किया गया।



मालूम हो कि मध्य प्रदेश फुटबॉल टीम के चयन के लिए सिवनी छपारा में पिछले 25 दिनों से राष्ट्रीय कैंप का आयोजन किया जा रहा था। कैंप में मध्य प्रदेश के सभी जिलों से लगभग 73 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इनमें से 30 खिलाड़ियों का चयन कैंप के लिए गया था। 30 खिलाड़ियों का कैंप पिछले 25 दिनों से मध्य प्रदेश के 2 कोचों द्वारा संचालित किया जा रहा था। उन दोनों कोचों द्वारा 30 में से 20 खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय टीम के लिए किया गया। इस कैंप में नर्मदापुरम के दो खिलाड़ियों को रखा गया था। जिसमें नमन चौधरी और आशीष मालवीय थे। अंतिम 20 में आशीष मालवीय का चयन मध्य प्रदेश राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए किया गया। मालवीय के चयन पर फुटबॉल संघ के विष्णु शंकर पांडे, सत्यम अग्रवाल, सतीश सांवरिया, अश्वनी मालवीय, नवनीत कोहली, कपिल फौजदार, राकेश जाधव, प्रीतम तिवारी, मनोज मालवीय आदि ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। बालाघाट में मध्य प्रदेश का प्रथम मैच 26 जुलाई को खेला जाएगा।

## बालाजी मंदिर क्षेत्र में अवैध शराब और गुंडागर्दी के खिलाफ महिलाओं का विरोध



**जागरण, इटारसी।** बालाजी मंदिर क्षेत्र में लंबे समय से चल रही अवैध शराब बिक्री एवं गुंडागर्दी से परेशान महिलाओं व नागरिकों का आक्रोश गुरुवार को फूट पड़ा। क्षेत्र की अनेक महिलाओं और पुरुषों ने रोहित राजवंशी, ऋतिक राजवंशी व बबलू राजवंशी की अवैध गतिविधियों के खिलाफ एकत्र होकर विरोध प्रदर्शन किया।

विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे, सभापति राकेश जाधव, पार्षद सीमा भदौरिया, वरिष्ठ भाजपा नेता जयकिशोर चौधरी एवं सामाजिक कार्यकर्ता मनीष ठाकुर मौके पर पहुंचे और नागरिकों की समस्याएं सुनीं। महिलाओं ने बताया कि संबंधित व्यक्तियों द्वारा लगातार क्षेत्र में अवैध शराब का व्यापार और गुंडागर्दी की जा रही है जिससे आमजन विशेषकर महिलाएं बेहद असुरक्षित महसूस कर रही हैं। विधायक डॉ. शर्मा ने तत्काल एसडीओपी एवं थाना प्रभारी को मौके पर बुलाकर सख्त निर्देश दिए कि अवैध गतिविधियों पर तत्काल प्रभाव से कार्रवाई की जाए एवं अवैध शराब विक्रय पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए। क्षेत्रीय नागरिकों ने विधायक सहित सभी जनप्रतिनिधियों का धन्यवाद ज्ञापित किया एवं शीघ्र कार्रवाई की अपेक्षा जताई।

### देवीप्रसाद पर हमले के आरोपी की पैरवी नहीं करेंगे इटारसी के वकील

**जागरण, इटारसी।** शहर के अधिवक्ता इटारसी अधिवक्ता संघ इटारसी के सदस्य उत्तम सिंह भदौरिया के पुत्र देवीप्रसाद उर्फ अनुराग भदौरिया पर जानलेवा हमला करने वाले आरोपी की कोर्ट में पैरवी नहीं करेंगे।

इटारसी अधिवक्ता संघ ने गुरुवार को यह निर्णय लेकर पत्र जारी किया है। बार एसोसिएशन के सदस्य उत्तम सिंह भदौरिया के पुत्र देवीप्रसाद उर्फ अनुराग भदौरिया के साथ 23 जुलाई को रोहित एवं रितिक कुचबंदिया, निवासी वार्ड नंबर 18. बालाजी मंदिर, इटारसी, तहसील इटारसी, जिला नर्मदापुरम ने जानलेवा हमला किया था।

हमले में उत्तम सिंह भदौरिया का पुत्र देवीप्रसाद उर्फ अनुराग भदौरिया गंभीर रूप से घायल हो गया है, जो हॉस्पिटल में भर्ती है। आरोपी आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्ति हैं, उनका अधिवक्ता संघ इटारसी साथ नहीं देगा। इसलिए उक्त प्रकरण में आरोपी की ओर से कोई पैरवी ना करें, ऐसा एक पत्र संघ की ओर से जारी किया है।

समस्याओं के शीघ्र समाधान के निर्देश, अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही में तेजी लाने पर जोर

## विधायक ने ली आपदा प्रबंधन, अतिक्रमण और धारणाधिकार पर समन्वय बैठक

**जागरण, इटारसी।** आज गेस्ट हाउस में क्षेत्रीय विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा ने नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे, एसडीएम प्रतीक राव, टीआई गौरव सिंह बुंदेला, तहसीलदार शक्तिसिंह तोमर सहित प्रशासनिक अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ एक महत्वपूर्ण समन्वय बैठक आयोजित की।



बैठक का मुख्य उद्देश्य आपदा प्रबंधन, अवैध अतिक्रमण हटाने, पट्टा वितरण एवं धारणाधिकार से जुड़े लंबित कार्यों को गति प्रदान करना रहा। विधायक डॉ. शर्मा ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि इन जनहितकारी कार्यों में लापरवाही न हो और जनता को शीघ्र राहत मिले।

इटारसी नगर में लंबे समय से अतिक्रमण की समस्या को गंभीरता से लेते हुए, बैठक में विशेष रूप से इस विषय पर विस्तार से चर्चा हुई। विधायक डॉ. शर्मा ने नगर में प्रमुख सार्वजनिक स्थानों, मार्गों, नालियों और सरकारी भूमि पर किए अतिक्रमण को चिन्हित कर उन्हें तत्काल हटाने के निर्देश दिए। साथ ही, इस कार्य में प्रशासन, नगर पालिका और पुलिस के बीच समन्वय से संयुक्त कार्रवाई की बात कही। इस अवसर पर जयकिशोर चौधरी, नीरज जैन, मयंक महतो, उपाध्यक्ष निर्मल सिंह राजपूत, सभापति राकेश जाधव, पार्षद राहुल प्रधान एवं सामाजिक कार्यकर्ता मनीष ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में निर्णय लिया कि अतिक्रमण हटाने के साथ-साथ पात्र व्यक्तियों को शीघ्रता से पट्टे वितरण एवं धारणाधिकार प्रमाण पत्र भी प्रदान किए जाएंगे, जिससे वे योजना का लाभ प्राप्त कर सकें। डॉ. शर्मा ने प्रशासन से आपदा प्रबंधन को लेकर मानसून को देखते हुए पूरी तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

### तेज आवाज आने से खड़ी हुई इंटरसिटी एक्सप्रेस

**जागरण, इटारसी।** बीती रात ट्रेन नं 22188 जबलपुर रानी कमलापति इंटरसिटी एक्सप्रेस इटारसी से रवाना होने के बाद एफ केबिन के आगे अचानक खड़ी हो गई। ट्रेन के नीचे से तेज आवाज आ रही थी जिसे सुनते ही यात्रियों में अज्ञात भय व्याप्त हो गया था।

यात्रियों ने चेन पुलिंग कर दी, तब पता चला की ट्रेन से एक पाइप टूटकर गिट्टी से टकरा रहा है जिसके कारण जोरदार घबराहट भरी आवाज आ रही है। उसी समय यात्रियों और इटारसी थाने के आरक्षक दुर्गा प्रसाद बिल्लौरे की सूझबूझ से रेलकर्मी की मौजूदगी में पाइप लाइन को ठीक किया गया। इस तरह ट्रेन को 1 घंटे विलंब से रानी कमलापति के लिए रवाना किया गया।

## इटारसी से सोनतलाई जा रही बच्चों से भरी बस अनियंत्रित होकर नीचे उतरी, बड़ा हादसा टला

**जागरण, इटारसी।** शहर से सोनतलाई जा रही स्कूल बच्चों से भरी आरोही बस बुधवार सुबह 9:30 बजे ग्वाड़ी-बिछुआ गांव के बीच अनियंत्रित होकर रोड से नीचे उतर गई।



प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बस की तेज रफ्तार और चालक की लापरवाही हादसे का मुख्य कारण रही। घटना के समय बस में दर्जनों बच्चे सवार थे, जिससे वहां हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी, लेकिन पुलिस के पहुंचने में देरी हुई। सौभाग्य से बस पलटने से बच गई और सभी बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।

हादसे के वक्त ड्राइवर घबरा गया और बस को वहीं छोड़कर भाग निकला। प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है। उल्लेखनीय है कि कुछ समय पहले पथरोटा थाना क्षेत्र में भी एक बस दुर्घटनाग्रस्त होकर पलट गई थी, जिसमें दो लोगों की मृत्यु हुई थी। ऐसी घटनाओं से सीख लेते हुए प्रशासन को बस मालिकों और लापरवाह चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।

## भाजपा नगर मंडल की बैठक में संगठन के कार्यों की समीक्षा की

**जागरण, इटारसी।** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल इटारसी की बैठक आज नगर पालिका अध्यक्ष कार्यालय में हुई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा नगर अध्यक्ष राहुल चौरे ने की। बैठक में मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश खेल प्रकोष्ठ सहसंयोजक पीयूष शर्मा एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष मंडल प्रभारी सुनील राठौर, भाजपा जिला महामंत्री मुकेश चंद्र मैना नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे उपस्थित थे।

बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा की गई तथा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा हुई। विशेष रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रही मन की बात कार्यक्रम को जन-जन तक पहुंचाने के लिए बूथ स्तर तक जागरूकता अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष राहुल चौरे ने बताया कि पार्टी के समस्त कार्यक्रम बूथ स्तर तक करना सुनिश्चित किया जाए। बैठक में जागृति भदौरिया, शैलेंद्र दुबे, गोपाल शर्मा, मनोज शर्मा, उपनिषद दुबे, संगीता मालवीय, अर्जुन भोला, राहुल पटेल, गौरव बड़कुर, आशा राव, हिमांशु देवहरे, राकेश अहिरवार, संजय राय चौधरी, प्रतीक चौरसिया, श्रद्धा अग्रवाल, रितु चौधरी, मयूर मालवीय, प्रतीक मालवीय, मनीष दमाड़े, राहुल भावसार सहित अन्य उपस्थित रहे। आभार प्रदर्शन सौरभ मेहरा ने किया।

## सफाईकर्मियों ने सीएमओ को 13 सूत्रीय मांगों का दिया ज्ञापन

**जागरण, इटारसी।** सफाई मजदूर कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष महेश आर्य के नेतृत्व में आज नगर पालिका इटारसी के सफाई कर्मचारियों ने 13 सूत्री मांगों का एक ज्ञापन मुख्य नगर पालिका अधिकारी को दिया।

सफाई कर्मचारियों ने बरसते पानी में नगर पालिका परिषद तक रैली निकाली और अपनी 13 सूत्री मांगों को सीएमओ श्रीमती रितु मेहरा के सामने रखा। इन मांगों में समय पर वेतन का भुगतान, ठेकेदारी प्रथा का अंत, और सभी कर्मचारियों का स्थायीकरण शामिल है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती रितु मेहरा ने कर्मचारियों से मुलाकात की और आश्वासन दिया कि वह मांगों पर विचार कर पूर्ण कराने का हरसंभव प्रयास करेंगी। महेश आर्य ने कहा कि हमारा इतिहास हमें सिखाता है कि फूट डालो और राज करो की नीति ने हमें कमजोर किया, लेकिन आज हम यह संकल्प लेते हैं कि हम सभी कर्मचारी एकजुट रहेंगे और अपने अधिकारों के लिए अंत तक लड़ाई जारी रखेंगे। यदि मांगों को पूरा नहीं किया, तो कर्मचारी संघ आंदोलन को तैयार है। आवश्यकता पड़ने पर आंदोलन भोपाल स्थित जीडी कार्यालय तक भी जाएगा।

### रजक समाज ने विधायक डॉ. शर्मा को किया आमंत्रित

**जागरण, इटारसी।** रजक समाज के एक प्रतिनिधि मंडल ने पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं वर्तमान विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा से इटारसी में मुलाकात की और संत गाडगे बाबा के उपदेशों को लेकर चर्चा कर मुलताई एवं पांढुर्णा में संत गाडगे बाबा मंदिर पर आने का आमंत्रण दिया। विधायक डॉ. शर्मा ने कहा कि समाज में एकता बहुत जरूरी है जिसमें समाज के बंधु सेवक के रूप में कार्य दिन-रात करते रहते हैं। इस दौरान अखिल भारतीय रजक महासंघ, एबीडीएम राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार मालवीय, महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष श्याम सेवतकर मुलताई, संगठन मंत्री सुधाकर नि बुलकर पांढुर्णा, मनोज मालवीय, वीरू बाथरी उपस्थित रहे।

## स्वच्छता कर्मियों की मांगों को लेकर सभापति ने प्रशासन का दिलाया ध्यान

**जागरण, इटारसी।** नगरपालिका के स्वच्छताकर्मियों ने आज अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर सभापति राकेश जाधव व पार्षद मनजीत कालोसिया के नेतृत्व में मुख्य नगरपालिका अधिकारी ऋतु मेहरा एवं नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे से मुलाकात की। इस दौरान अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा।

सभा में उपस्थित होकर अध्यक्ष पंकज चौरे ने आश्वासन दिया कि जल्द ही समस्याओं का समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा, नगरपालिका एक परिवार है, और हम सब इसके सदस्य हैं। सभी को साथ लेकर काम करना है, तभी शहर की स्वच्छता और व्यवस्थाएं बेहतर होंगी।

सभा को संबोधित करते हुए सभापति राकेश जाधव ने कहा, यदि समय पर वेतन मिल जाए, तो स्वच्छताकर्मियों को किसी प्रकार का कर्ज नहीं लेना पड़े और वे परिवार का भरण-पोषण सम्मानपूर्वक कर सकेंगे। इस अवसर पर स्वच्छताकर्मियों ने समय पर वेतन, काम के घंटे, संसाधनों की उपलब्धता और स्थायी नियुक्ति जैसी समस्याओं को सामने रखा। ज्ञापन सौंपने के दौरान कर्मचारियों में एकजुटता और आशा की झलक दिखी कि आने वाले दिनों में उनकी आवाज को गंभीरता से सुना जाएगा।

### अमावस्या पर सीड बॉल फेंकने अभियान शुरू

**जागरण, इटारसी।** हरियाली अमावस्या के अवसर पर साइक्लिंग ब्रदर्स इटारसी ग्रुप द्वारा सीड बॉल रोपण अभियान की शुरुआत की गई। ग्रुप के संयोजक सौरभ दुबे ने बताया कि सरस्वती शिशु मंदिर में पढ़ाने वाली शिक्षिका शिवकुमारी पटेल के द्वारा बनाई गई सीड बॉल को फेंकने और रोपने का कार्य हरियाली अमावस्या से शुरू किया गया है जो रक्षाबंधन तक किया जाएगा। इस दौरान 20 हजार सीड बॉल को अलग-अलग स्थानों पर फेंका जाएगा। रेल्वे ग्राउंड में एनएफसी जूनियर कोच हितेंद्र यादव के नेतृत्व में खिलाड़ियों आयुष मेहरा, श्रेया चौरे, हासिल मंसूरी, अक्षत, कृष्णा, नमन, वैभव, गौतम, दीपांशु आदि उपस्थित रहे।

**मुहिम** | स्मार्ट मीटर के विरोध में मध्य प्रदेश सेवादल यंग ब्रिगेड एवं कांग्रेस ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

# स्मार्ट मीटर से जनता में भय का वातावरण, हो उचित कार्रवाई

**जागरण, इटारसी।** मध्य प्रदेश कांग्रेस सेवादल यंग ब्रिगेड के नेतृत्व में एसडीएम कार्यालय में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता पहुंचे जहां उन्होंने स्थानीय एसडीएम को एक ज्ञापन सौंपा।

इस संबंध में मध्य प्रदेश सेवादल यंग ब्रिगेड प्रदेश अध्यक्ष गजानंद तिवारी ने बताया कि यह लड़ाई हम आम जनता के लिए लड़ रहे हैं। स्मार्ट मीटर के माध्यम से जनता को परेशान करने का सुनियोजित ढंग से एमपीईबी के ठेकेदारों और अधिकारी कर्मचारी के माध्यम से कार्य किया जा रहा है।



लगातार कुछ दिनों से देखने में आ रहा है कि स्मार्ट मीटर को विद्युत वितरण कंपनी के द्वारा जबरदस्ती लोगों के घरों में, लगाया जा रहा है तथा स्मार्ट मीटर को लेकर आम जन में एक भय का वातावरण बना हुआ है। आम जनता का कहना है कि स्मार्ट मीटर की रीडिंग बहुत तेज चल रही है, जिससे जनता की जेब पर और उसके बजट पर खासा असर पड़ेगा। बिजली विद्युत वितरण कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा यह भी कहा गया कि मानव रहित प्रणाली के लिए यह स्मार्ट मीटर कारगर होगा तो इसका आशय यह माना जाए की लाखों की संख्या में आउटसोर्स पर जो कर्मचारी हैं उनके बेरोजगार होने की पूर्ण संभावना है। सबसे बड़ा सवाल जब उपभोक्ता नहीं चाहता स्मार्ट मीटर लगवाना तो जबरदस्ती स्मार्ट मीटर क्यों लगाए जा रहे, ऐसी कौन सी मजबूरी है कि विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारी कर्मचारी और मीटर के ठेकेदार के लोग जबरदस्ती लोगों के घरों के सामने लगे मीटर को बदल रहे है। ज्ञापन के माध्यम से मांग की है कि जनता को भय के वातावरण से मुक्त करने के लिए उचित कार्यवाही करें। अगर जनता परेशान हुई तो हम न्यायालय की शरण भी लेंगे और आंदोलन भी करेंगे जिसकी समस्त जवाबदारी शासन और प्रशासन की होगी। इस अवसर पर मध्य प्रदेश कांग्रेस सेवादल यंग ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष गजानन तिवारी, नगर कांग्रेस अध्यक्ष मयूर जायसवाल, सेवादल जिला अध्यक्ष अमित गुप्ता, रमेश बामने, अजय शुक्ला, विजय बाबू चौधरी, लाली सलूजा, नरेश चौहान, शेख रमजान, एनएस चौहान, संतोष गुरयानी, पार्षद नारायण ठाकुर, पार्षद कन्हैयालाल मिहानी, सीमा भदोरिया, अंजलि कलोसिया, दिलीप गोस्वामी, अमित कापरे, पूर्व पार्षद राजेंद्र जोशी, पार्षद प्रतिनिधि राहुल वर्मा, अभिषेक साहू, मनीष चौधरी, करण भदोरिया, संजय धर, चंद्रकांत बहारें, नारायण गौर, ज्ञानेंद्र उपाध्याय, गोल्डी चौधरी, सोनू बकोरिया, सौम्य दुबे, राहुल दुबे, दिनेश बलौरिया, यूनिस पठान, आकाश अग्रवाल, पप्पी कालोसिया, बंटी राठौर सहित कई लोगों उपस्थित थे।

### चंद्रशेखर आजाद की जयंती पर काव्य गोष्ठी, दी श्रद्धांजलि

**जागरण, इटारसी।** श्रीप्रेमशंकर दुबे स्मृति पत्रकार भवन में अमर शहीद पंडित चंद्रशेखर आजाद की जयंती पर मानसरोवर साहित्य समिति द्वारा काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार टीआर चौलकर ने की। मुख्य अतिथि कारगिल युद्ध में भाग ले चुके क्षेत्र के सेवानिवृत्त सैनिक अरुण पटेल, विशिष्ट अतिथि शायर मदन तन्हाई एवं मानसरोवर साहित्य समिति के अध्यक्ष राजेश दुबे मौजूद थे।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने मां सरस्वती और चंद्रशेखर आजाद के चित्र के समक्ष द्वीप प्रज्वलन कर किया। संयोजक गुलाब भूमरकर ने सरस्वती वंदना के साथ चंद्रशेख आजाद पर रचना पढ़ी। काव्य गोष्ठी में आमंत्रित साहित्यकार रामकिशोर नाविक, मदन बड़कुर तन्हाई, तरुण तिवारी तरु, विनय चौरे विद्वान, अविनेश ताम्रकार, रूपेंद्र गौर, कमल पटेल, रवि मेहरा, प्रवीण कुमार शर्मा, आलोक शुक्ला अनूप, हनीफ खान, राम वल्लभ गुप्त, सतीश शमी, एसआर धोटे, डॉ आजाद सिंह ने अपनी रचनाओं की प्रस्तुति दी। संचालन तरुण तिवारी तरु ने, आभार प्रदर्शन मानसरोवर साहित्य समिति के अध्यक्ष राजेश दुबे ने किया।



## न्यूज कार्नर

### समाज के खिलाफ टिप्पणी करने वाले पर हो कार्रवाई



**मुलताई।** क्षेत्र के ग्राम महिलावाडी निवासी एक युवक द्वारा फेसबुक पर ब्राम्हण समाज पर अशोभनीय टिप्पणी की गईं है। अशोभनीय टिप्पणी करने वाले युवक पर कार्रवाई की मांग को लेकर गुरूवार को बतामहन समाज द्वारा टीआई देवकरण डहेरिया को ज्ञापन सौपा है। ब्राम्हण समाज के सुनील शर्मा, जयप्रकाश मिश्रा, रितेश शर्मा, योगेश दूबे, अनमोल शर्मा सहित सामाजिक बंधुओ द्वारा सौपे ज्ञापन में बताया ग्राम महिलावाड़ी निवासी हेमंत हिगंवे ने 23 जुलाई 2025 को दिन में फेसबुक पर ब्राम्हण समाज पर अशोभनीय टिप्पणी कर ब्राम्हणवाद मुर्दाबाद लिखा एवं टिप्पणी में यह भी लिखा है कि बिहार के तक्षशिला विश्व विधालय को ब्राहम्णों के बाप दादाओं ने जलाया था और भारत की पहचान बुध्द से है ब्राम्हणवाद मुर्दाबाद लिखा है। इस टिप्पणी से ब्राम्हण समाज में रोष व्याप्त है। सर्व ब्राम्हण समाज ने हेमंत हिंगवे के खिलाफ कारवाई की मांग की है।

### सात सैकड़ा से अधिक पौधे महिलाओं ने लगाए

**बैतूल।** ब्लाक बैतूल के ग्राम बांसपानी में हरियाली अमावस्या के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण को लेकर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के तत्वावधान में चल रहे एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत नवांकुर सखी हरियाली यात्रा संपन्न हुई। इस कार्यक्रम में गांव की स्व-सहायता समूह की महिलाओं को विशेष रूप से शामिल किया गया। सुबह पंचायत भवन में एकत्रित हुईं महिलाओं और शासकीय प्राथमिक शाला की छात्राओं ने वहां से विजासनी देवी मंदिर तक कलश यात्रा निकाली। यात्रा के दौरान महिलाएं भजन-कीर्तन करते हुए मंदिर तक पहुंचीं। पूजा-अर्चना के पश्चात पुनः पंचायत भवन लौटीं। यहां नवांकुर संस्था के सचिव शैलेन्द्र मालवीय ने उपस्थित महिलाओं को 700 आम के पौधे वितरित किए। उन्होंने बताया कि पौधों की खरीद के बजाय गांव में ही नर्सरी बनाकर पौधे तैयार किए गए हैं, जिससे लागत भी कम आई।

# विकास नगर सड़क पर डेरा डाले बैठे हुए हैं मवेशी, बड़े हादसे की आशंका

## नपा के सफाई दारोगा केवल दिखावे के लिए करते हैं कार्रवाई

**बैतूल जागरण।** वैसे तो शहर की हर प्रमुख सड़क पर मवेशी मंडराते हुए और डेरा डाले दिख जाते हैं। वर्तमान में कालेज चौक से हमलापुर चौक तक अति व्यस्त सड़क पर अलग-अलग जगह इन मवेशियों का डेरा लगा रहता है। इस वजह से यहां पर किसी भी दिन बड़ा हादसा हो सकता है। इस मार्ग पर एक सरस्वती हायर सेकंडरी स्कूल है, वहीं दूसरी ओर करीब पांच हजार की संख्या वाला आरडी पब्लिक स्कूल भी है। जब भी यह स्कूल दो पालियों में लगते और छूटते हैं तो इस सड़क पर रेलम पेल की स्थिति रहती है, उस पर सड़क पर बैठे यह मवेशी ट्रैफिक जाम की वजह बनते हैं। इस क्षेत्र में एक और बड़ी समस्या यह भी है कि सड़क के दोनों ओर अतिक्रमण है। साथ ही दुकानदारों की वाहन की पार्किंग भी



सड़क पर ही होती है। इस स्थिति में यहां पर हादसे का खतरा बना रहता है। लोगों का कहना है कि यह किसी न किसी दिन बड़ा हादसा जरूर होगा। वहीं दूसरी ओर नगरपालिका के सफाई दारोगा केवल अधिकारियों को दिखाने और रिर्पोटिंग के हिसाब से केवल खानापूर्ति की कार्रवाई करते हैं।

### गाय को बचाने के चक्कर में तेल से भरा टैंकर हाईवे पर पलटा

बैतूल-नागपुर हाईवे पर गुरुवार दोपहर टायर फैक्ट्री के पास एक खाद्य तेल से भरा टैंकर पलट गया। हादसा उस वक्त हुआ जब चालक ने सामने अचानक आई गाय को बचाने के लिए स्टीयरिंग घुमा दिया। टैंकर के पलटते ही हाईवे पर तेल फैल गया, जिससे सड़क फिसलन भरी हो गई और कुछ देर के लिए यातायात पूरी तरह से बाधित हो गया। टैंकर चालक आदर्श पाल के अनुसार वह सतना से बैतूल स्थित ऑयल मिल की ओर जा रहा था। टायर फैक्ट्री के पास सामने अचानक गाय आ गई, जिसे बचाने के लिए स्टीयरिंग मोड़ना पड़ा, जिससे टैंकर असंतुलित होकर पलट गया। इसके बाद आसपास के ग्रामीण कुप्पियां लेकर तेल भरने पहुंच गए।

## निर्णय : पुराने अस्पताल की भूमि पर लगेगा राखी बाजार



**जागरण/ मुलताई।** नगर में राखी की दुकाने जयस्तम्भ चौक से फव्वारा चौक तक मुख्य मार्ग किनारे लगती थी, जिससे यातायात बाधित होता था,लोग सड़क पर ही वाहन खरीदकर राखी खरीदते थे, जिससे जाम की स्थिति निर्मित होती थी, जिसके चलते नगरपालिका द्वारा इस बार से राखी बाजार पुराने अस्पताल की जमीन पर लगाने का निर्णय लिया गया था,लेकिन कुछ राखी व्यापारियों द्वारा विरोध प्रकट करते हुए पुराने स्थान पर राखी की दुकाने लगाने की बात कही जा रही थी। जिसको लेकर प्रशासन द्वारा गुरूवार को नगरपालिका के सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगरपालिका अध्यक्ष वर्षा गढ़ेकर,तहसीलदार डॉ संजय बरैया,टीआई देवकरण डहेरिया, सीएमओ वीरेंद्र तिवारी, सभापति महेंद्र जैन, अजय यादव,रितेश विश्वकर्मा, पार्षद सुरेश पौनीकर, भाजपा नेता नमन अग्रवाल, मनीष माथनकर सहित राखी व्यापारी उपस्थित रहे। पुराने स्थल पर पूर्व से दुकान लगाने वाले राखी व्यापारियों का कहना था की उन्होंने पहले से माल खरीद लिया है, उन्हें जयस्तम्भ चौक से फव्वारा चौक तक दुकाने लगाने दी जाए। जबकि कुछ लोगो का कहना था की पुराने व्यापारी पूर्व से निर्धारित अपने स्थान पर दुकाने लगा लेगे, लेकिन नए व्यापारियों को दुकाने लगाने को जगह नहीं मिलेगी। इसलिए शासन द्वारा निर्धारित नए स्थल पर दुकाने लगाई जाए। वहीं 17 दुकानों के व्यापारियों का भी कहना था उनकी दुकानों के सामने राखी दुकाने लगाने के कारण उनका व्यवसाय प्रभावित होता है।नगरपालिका के राजस्व निरीक्षक संतोष शिवहरे ने बताया पुराने अस्पताल की जमीन पर समतली करण कार्य कराया जा रहा है। सभी राखी व्यापारियों को लाटरी सिस्टम से दुकाने आवंटित की जाएगी, यहां पर दो रास्ते होगे। प्रकाश व्यवस्था के लिए लाइट टावर लगाया जाएगा, सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएगे। वहीं नगरपालिका के वाहन से प्रचार कराएगे। बैठक में सर्वसम्मति से नए स्थान पर ही राखी दुकाने लगाने का निर्णय लिया गया।

# अवैध शराब बेचने वाले फरार आरोपी को पुलिस ने एक माह 17 दिन के बाद पकड़ा

**मुलताई।** कार से शराब बेचने के लिए ला रहे फरार आरोपी को मुलताई पुलिस द्वारा 1 माह 17 दिन बाद गिरफ्तार किया है। आरोपी ने कोर्ट में समर्पण किया था। टीआई देवकरण डहेरिया ने बताया पुलिस अधीक्षक निश्चल एन. झारिया द्वारा बैतूल जिले में संचालित अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण एवं दोषियों के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई हेतु दिए गए निर्देशों के पालन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती कमला जोशी एवं एसडीओपी मुलताई श्री एस.के. सिंह के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक श्री देवकरण डेहरिया के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा अवैध शराब के प्रकरण में फरार आरोपी को गिरफ्तार किया गया। बीते 4 जून 2025 को अवैध शराब के परिवहन की सूचना प्राप्त होने पर थाना मुलताई पुलिस टीम को तत्काल बिरूल रोड रवाना किया गया। कांजी हाउस के पास सामने से आ रही एक कार क्रमांक एमपी 48 सी 6426 रुक गई। जिसे



चालक लॉक कर मौके से भाग गया। अंधेरे का लाभ उठाकर भाग गया था। कार में कुल 196 लीटर 56 मिली. 1लाख 10 हजार 220 की पाई गई।कार का चालक मिलिंद उर्फ मोंटी पिता राजेन्द्र पवार, उम्र 37 वर्ष, निवासी सुभाष वार्ड, मुलताई का कृत्य मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के अंतर्गत अपराध पाया गया। प्रकरण में धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। घटना के दिन से ही आरोपी फरार था। उसकी तलाश हेतु सतत प्रयास किए गए एवं मुखबिर लगाए गए थे। पुलिस द्वारा कई बार आरोपी के निवास स्थान पर दबिश दी गई एवं फरारी पंचनामा भी तैयार किया गया। पुलिस दबाव के चलते आरोपी ने 21 जुलाई को न्यायालय के समक्ष समर्पण कर दिया। जिसे पुलिस रिमांड पर लेकर विधिसम्मत कार्रवाई पश्चात पुनः माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी देवकरण डेहरिया,उपनिरीक्षक छत्रपाल धुर्वे, सहायक उप निरीक्षक श्रीराम मांडवी, आरक्षक अरविंद पटेल,सेवाराम एवं संजीत जाट की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### भर्ती के लिए दिया जा रहा विशेष प्रशिक्षण

**बैतूल।** जिले के युवाओं के लिए रक्षा क्षेत्र में करियर बनाने का सपना अब और भी साकार होता नजर आ रहा है। कंमाडो एकेडमी बैतूल द्वारा जिले के युवा नौजवानों को अग्निवीर फिजिकल परीक्षा की तैयारी के लिए विशेष प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जा रहा है। यह एकेडमी जिले के अनुभवी और समर्पित आर्मी फिजिकल ट्रेनर पवन कुमार अहाके द्वारा संचालित की जा रही है। श्री अहाके के मार्गदर्शन में अब तक 100 से अधिक युवाओं का चयन आर्मी और पुलिस सेवाओं में हो चुका है, जिससे बैतूल जिले का नाम गौरव से उंचा हुआ है। लगातार मिल रही सफलता ने कंमाडो ग्रुप बैतूल को डिफेंस ट्रेनिंग के क्षेत्र में एक मजबूत पहचान दिलाई है। कंमाडो ग्रुप बैतूल में युवाओं को फिजिकल फिटनेस, अनुशासन, नियमित अभ्यास और परीक्षा संबंधी मार्गदर्शन प्रदान किया जाता है। यहां प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके अनेक युवा आज देश की सेवा में तत्पर हैं। श्री अहाके ने जिले के उन सभी युवाओं से आग्रह किया है।

## बंगाली कॉलोनी में उत्पात मचाने वाले 5 आरोपी गिरफ्तार, केस दर्ज

**मुलताई।** नगर में बैतूल रोड बंगाली कालोनी में बुधवार की रात करीब 12 बजे पांच युवकों ने मोहल्ले में घुसकर उत्पात मचाया। युवकों ने हथियार दिखाकर लोगों को धमकाया और महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार किया। पुलिस द्वारा 5 आरोपियों की गिरफ्तार कर केस दर्ज किया है। टीआई देवकरण डहेरिया ने बताया स्थानीय लोगों नए सूचना मिली की कुछ युवक मोहल्ले में उत्पात मचाकर हथियार लेकर डरा धमका रहे है। सूचना मिलने पर टीआई डहेरिया पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और आरोपी अरबाज खान स्टेशन रोड मुलताई,नदीम अंसारी प्रभात पट्टन,शेख मुज्जमिल नेहरू वार्ड मुलताई,सोएब खान स्टेशन रोड मुलताई और रिजवान खान प्रभात पट्टन को गिरफ्तार कर थाने लाया गया,पुलिस ने पांचो आरोपियों के खिलाफ धारा 191(ए), 111 बीएनएस, बलवा कर शांति भंग करने एवं संगठित अपराध की धाराओं में केस दर्ज किया है।जानकारी मिलने पर नगर पालिका अध्यक्ष वर्षा गडेकर, सभापति रितेश विश्वकर्मा और राजेन्द्र ठाकुर थाने पहुंचे। उन्होंने आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की।

### किसानों ने मारपीट की घटना पर विरोध प्रदर्शन करते हुए एसडीएम को ज्ञापन सौंपा

# नूर वेयरहाउस संचालक और उसके बेटे ने किसान को पीटा





**जागरण गाडरवारा ।** स्थानीय पलोटन गंज में किसानों ने नूर वेयरहाउस संचालक व उसके पुत्र द्वारा गुंडागर्दी कर किसान के साथ बेरहमी से मारपीट करने के विरोध में चक्काजाम जैसी स्थिति निर्मित करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। सैकड़ों किसान पलोटन गंज में एकत्रित होकर नारेबाजी करते हुए जुलूस के साथ एस डी एम कार्यालय पहुँचे और वहां पर किसान को न्याय दिलाने के लिए ज्ञापन दिया। किसानों ने शासन प्रशासन को चेतावनी दी कि यदि वेयरहाउस संचालक व उसके पुत्र पर कार्यवाही नहीं की गई तो किसान शांत नहीं रहेगा। मूंग खरीदी के लिए बनाए गए केंद्र वेयर हाउसों पर प्रशासन पैनी नजर रखे वहां पर पुलिस की ड्यूटी भी लगाई जाए। किसान एक एक सप्ताह से ट्रैक्टर ट्राली लेकर मूंग बेचने के लिए बारिश में भीगते हुए लाइन में लगा हुआ है और उसके साथ इस तरीके से दुर्व्यवहार किया जा रहा है कि किसान द्वारा पीने के लिए पानी मागने पर वेयर हाउस संचालक व उसके पुत्र द्वारा मारपीट की गई। सवाल यह खड़ा होता है कि जब प्रशासन द्वारा वेयरहाउस किराए पर ले लिया गया है तो खरीदी केंद्र पर वेयर संचालक और उसका पुत्र क्या कर रहा था। वेयर हाऊस में हुई इस घटना के विरोध में किसानों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम एस डी एम कलावती ब्यारे को दिए गए ज्ञापन में उल्लेख किया है कि विगत दिवस नूर वेयर हाउस डमरूघाटी के पीछे गाडरवारा के संचालकों द्वारा कामती के किसान सतीश कौरव के साथ पीने का पानी मांगे जाने पर मारपीट कर अभद्रता की गई हैं एवं उसकी मूंग की तुलाई करने से इंकार कर दिया गया है। उक्त घटना से समस्त किसान समाज पीड़ित एवं व्यथित है। इस घटना के संबंध में शासन से उक्त संचालकों एवं मारपीट करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की मांग की गई है साथ ही मूंग उपार्जन के दौरान संबंधित वेयर हाउसों में व्याप्त अव्यवस्थाओं एवं अनियमितताओं के कारण मूंग उत्पादक समस्त किसानों को अत्याधिक कठिनाईयों एवं परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उपार्जन केन्द्रों की संख्या में वृद्धि किया जाना आवश्यक हैं तथा संचालित उपार्जन केन्द्रों में तुलाई हेतु कांटो की संख्या भी बढ़ाई जाना आवश्यक है। उपार्जन केन्द्रों पर किसानों को हो रही परेशानी एवं अव्यवस्थाओं को देखते हुए केन्द्रों पर पुलिस बल तैनात किया जाना आवश्यक हैं। किसान के साथ मारपीट करने व मूंग तोलने से इंकार किये जाने वाले नूर वेयरहाउस के संचालकों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जावे तथा मूंग उपार्जन केन्द्रों पर किसानों को हो रही परेशानियों के निवारण हेतु स्थानीय प्रशासन को निर्देशित किया जावे अन्यथा की स्थिति में समस्त किसान उग्र आंदोलन हेतु बाध्य होगा। जिसकी जबाबदारी शासन प्रशासन की होगी।

किसानों ने नगर पालिका पहुँचकर नपा अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा को आवेदन देकर यह बताया की नूर वेयर हाउस का संचालक नजीर नगर पालिका का कर्मचारी है। नपा अध्यक्ष ने किसानों को आश्वासन दिया कि घटना में शामिल उक्त कर्मचारी पर कार्यवाही की जाएगी। किसानों ने ज्ञापन की प्रतिलिपि क्षेत्रीय विधायक मध्य प्रदेश शासन के स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह सांसद दर्शन सिंह चौधरी कलेक्टर नरसिहपुर पुलिस अधीक्षक नरसिहपुर को भी प्रेषित की है ।

### प्रशासन टीम गठित कर खरीदी केंद्रों पर रखे नजर

मूंग खरीदी का इतना बड़ा कार्य चल रहा है परंतु प्रशासन ने एक भी ऐसी टास्क टीम नहीं बनाई जो खरीदी केंद्रों पर आकर समस्याओं का निदान कर सके व मानक माल का निराकरण करने के लिए प्रशासन की ओर से ऐसी कोई एक्सपर्ट टीम नहीं बनाई गई जो समस्या आने पर उन्हें बुलाकर उसका निदान किया जा सके। जिम्मेदारी किराए के व्यक्ति सर्वेयरों पर डाल दी गई है जिसका न तो कोई लंबा अनुभव है ना कोई विशेष जवाबदारी प्रशासन जवाबदारी से बच रहा है कलेक्टर व जिला उपार्जन समिति तहसील स्तर पर एक प्रशासन की टीम नियुक्त करें जो केंद्र पर समस्या आए तो वह टीम वहां पहुंचकर उसका निराकरण कर सके। उस टीम का नंबर सभी केंद्रों को प्रशासन की ओर से दिया जाए ताकि खरीदी केंद्रों पर मानक मानक की समस्या को दूर किया जा सके।

### जिले में आयोजित होंगे नसबंदी शिविर

**नरसिंहपुर।** परिवार कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत एलटीटी, एनएसव्हीटी द्वारा जिले में नसबंदी शिविरों का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर विकासखंड स्तर पर अलग-अलग दिनांकों में 24 जुलाई से 31 जुलाई 2025 तक लगाए जाएंगे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि विकासखंड बाबई चीचली के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चीचली में 25 जुलाई 2025 कोए विकासखंड सांईखेड़ा के अंतर्गत सिविल अस्पताल गाडरवारा में 24 व 31 जुलाई 2025 को, विकासखंड चांवरपाठा के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तेंदूखेड़ा में 26 जुलाई 2025 को और विकासखंड गोटेगांव के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गोटेगांव में 26 जुलाई 2025 को शिविर लगाए जाएंगे।

### सांगई में मनाई आजाद एवं तिलक की जयंती

**गाडरवारा।** समीपी ग्राम सांगई की एकीकृत शासकीय नवीन माध्यमिक शाला मे क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद एवं लोकमान्य तिलक की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम मे सर्वप्रथम शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं ने तिलक एवं आजाद के चित्र पर तिलक लगाकर एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर माध्यमिक शिक्षक मधुसूदन पटैल ने छात्र-छात्राओं को तिलक एवं आजाद की जीवनी के बारे मे बताते हुए कहा कि चंद्रशेखर आजाद महान क्रांतिकारी थे जिन्होंने दुश्मन की गोलियों का सामना हम करेंगे, आजाद ही रहेंगे, आजाद ही मरेंगे का नारा दिया था। लोकमान्य तिलक ने स्वराज्य मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है और मैं इसे लेकर रहूँगा का नारा दिया था। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीत सुनाये। इस कार्यक्रम मे प्रधानपाठक दशरथ जाटव सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### कुशाग्र ने किया नाम रोशन

**गाडरवारा।** स्थानीय सुदर्शन गुप्ता एवं शिक्षक शिल्पी गुप्ता के सुपुत्र कुशाग्र गुप्ता जेईई मेंस में 99.95 परसेंटाइल प्राप्त किए थे। उसके पश्चात जेईई के एडवांस टेस्ट की परीक्षा 2 जून 2025 में हुई थी जिसमें आल इंडिया रेंक 1300 प्राप्त होने पर एवं काउंसिलिंग पश्चात कुशाग्र गुप्ता ने आईआईटी खड़कपुर में इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन ब्रांच में एडमिशन लेकर क्षेत्र का नाम रोशन किया हैं।

## नदी में अचानक पानी आ जाने से बच्चे फंसे, ट्रेक्टर की मदद से निकाला



**जागरण गाडरवारा।** क्षेत्र के चीचली ब्लॉक अंतर्गत सुदूर वनाँचल ग्राम माल्हनवाड़ा इकलोनी के समीप उमर नदी मे अचानक जल स्तर बढ जाने के चलते स्थानीय एकीकृत शासकीय हाईस्कूल के बच्चों को शिक्षकों ने ट्रैक्टर की सहायता से उनके घर पहुँचाया। शिक्षक श्रवण ठाकुर से मिली जानकारी के अनुसार हाईस्कूल मे कक्षा 1 से 10 वीं तक के लगभग 25 बच्चे नदी के उस पार ग्राम कुकलोर एवं पिपरिया से अध्ययन करने आते हैं। बुधवार को अचानक पर्वतीय क्षेत्रों मे हुई बारिश के चलते उमर नदी मे जल स्तर बढ़ गया जिसके चलते नदी के उस पार के ग्रामों के बच्चों को घर जाने मे असहजता महसूस हुई। तब बच्चों को सुरक्षित घर पहुँचाने के उद्देश्य से शिक्षकों ने स्थानीय स्तर पर ट्रेक्टर का प्रबंधन कर उन्हें सुरक्षित घर पहुँचाया। शिक्षकों श्रवण ठाकुर सहित राकेश शर्मा प्राथमिक शिक्षक लक्ष्मी प्रसाद साहू अतिथि शिक्षक अमित राय के इस कार्य की सराहना हो रही हैं।

## बाल भारती पब्लिक स्कूल एनटीपीसी में इनवेस्टिचर सेरेमनी का आयोजन



**जागरण गाड़रवारा।** बालभारती पब्लिक स्कूल एनटीपीसी गाडरवारा में इन्वेस्टिचर सेरेमनी का भव्य आयोजन अत्यंत गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती शीतला पाटले जिला कलेक्टर नरसिंहपुर तथा दलीप कुमार सीईओ जिला पंचायत नरसिंहपुर उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में श्याम कुमार परियोजना प्रमुखए एनटीपीसी गाडरवारा ने समारोह की शोभा बढ़ाई। समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं देवी वंदना के साथ हुआ। इसके उपरांत नव.निर्वाचित छात्र परिषद के पदाधिकारियों को बैज पहनाकर उन्हें उनके कर्तव्यों की औपचारिक जिम्मेदारी सौंपी गई। मुख्य अतिथि श्रीमती शीतला पाटले ने अपने उद्बोधन में छात्रों को कर्तव्यनिष्ठ अनुशासित तथा जागरूक नेतृत्व की प्रेरणा दी। दलीप कुमार ने छात्रों को आत्मविश्वास के साथ अपने दायित्वों को निभाने हेतु प्रोत्साहित किया। विशिष्ट अतिथि श्री श्याम कुमार ने छात्रों में नेतृत्व क्षमता के विकास और भविष्य में समाज के लिए प्रेरणा बनने का आह्वान किया।इस अवसर पर अनेक वरिष्ठ अधिकारी एवं गणमान्य अतिथि भी उपस्थित रहे, जिनमें शामिल एसडीएम श्रीमती कालावती वायरे श्रीमती प्रीति कुमार अध्यक्षा अवनि महिला मंडल श्री सेट्टी रामकृष्णन कार्तिकेयन जी एम टेक सर्विस सुभाषिस बंदोपाध्याय जीएम मेंटेनेंस राजीव त्रिपाठी जर एम प्रोजेक्ट डाया शर्मा, अपर महाप्रबन्धक मानव संसाधन तथा श्रीमती तनुजा सिंह वरिष्ठ प्रबंधक एनटीपीसी प्रतिनिधि बालभारती पब्लिक स्कूल। समारोह में हेड बॉय, हेड गर्ल वाइस हेड बॉय वाइस हेड गर्ल हाउस कैप्टन वाइस कैप्टन स्पोर्ट्स कल्चर हाइजीन कैप्टन एवं हाउस प्रीफेक्ट्स पद हेतु उनचालीस विद्यार्थियों को शपथ दिलाई गई। छात्रों द्वारा प्रस्तुत मार्च पास्ट और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यालय के प्राचार्य डॉ अनुराग पांडेय ने अपने संबोधन में कहा कि यह अवसर केवल सम्मान नहीं बल्कि कर्तव्य और उत्तरदायित्व का प्रतीक है। उन्होंने छात्र नेताओं को आदर्श बनने और सकारात्मक नेतृत्व का परिचय देने का संदेश दिया। समारोह का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। कार्यक्रम में अभिभावकों, शिक्षकों एवं छात्रों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

## न्यूज कार्नर

### हरियाली अमावस्या पर हुआ पौधरोपण



**जागरण, हरदा।** प्रकृति हमें बहुत कुछ देती है, हमारा भी दायित्व है कि हम उस प्रकृति की सुंदरता को संवारे, यह बात हरदा लायंस क्लब की अध्यक्ष श्रीमती अंजु भायरे ने अपने फार्म हाउस पर पौधारोपण के दौरान कही। क्लब सदस्यों के सहयोग से फलदार और छायादार वृक्ष लगाए, साथ ही अन्य सदस्यों को भी पौधा लगाने के लिए प्रेरित कर रखरखाव का संकल्प दिलाया। पौधारोपण की इस गतिविधि के दौरान सचिव शीनू बंसल, कोषाध्यक्ष सुनीता बागरे, श्रीमती रेखा पटेल, सुनील बागरे, शुभम बंसल, शिरीष अग्रवाल सहित क्लब के सदस्य उपस्थित रहे।

### विद्यार्थियों को बांटी निःशुल्क साइकिल



**जागरण, टिमरनी।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में मप्र सरकार की योजना के तहत विद्यार्थियों को निःशुल्क साईकिल वितरण कार्यक्रम आयोजन किया गया। इस दौरान नगर परिषद अध्यक्ष देवेंद्र भारद्वाज द्वारा विद्यार्थियों को साईकिल प्रदान की गई। इस अवसर पर नगर परिषद उपाध्यक्ष राजा कौशल, पार्षद प्रीति बंसल, रविंद्र ठाकुर, सुधीर गौर, गुलशन चौरसिया, प्राध्यापक मुकेश तिवारी, दिनेश सोनी उपस्थित रहे।

### 24 घंटे में जिले में 12.4 मिमी औसत बारिश

**जागरण, हरदा।** जिले में गत चौबीस घंटों में 12.4 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू अभिलेख ने बताया गत चौबीस घंटे में हरदा तहसील में 15.2 मिमी, टिमरनी में 28.2 मिमी, खिरकिया में 6.6 मिमी, सिराली में 5 मिमी तथा रहटगांव में 7.2 मिमी वर्षा दर्ज की गई। इस वर्ष अब तक जिले में 497.6 मिमी औसत वर्षा हो चुकी है। इस वर्ष अब तक हरदा तहसील में 481.7 मिमी, टिमरनी में 640.6 मिमी, खिरकिया में 529.1 मिमी, सिराली में 389.4 तथा रहटगांव में 447.5 मिमी वर्षा दर्ज की गई। अधीक्षक भू अभिलेख ने बताया कि गत वर्ष की 24 जुलाई तक 273.6 मिमी औसत वर्षा हो चुकी थी।

### नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं हाफिज मो.इदरीस पिता पीरू तेली भीमराव अंबेडकर वार्ड वार्ड न.14 हरदा जिला हरदा म.प्र.का निवासी हूं। मेरा नाम पासपोर्ट में MOHAMMAD IDREES S/O PEERU MOHAMMAD TELI दर्ज हो गया है। जबकि मेरे अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम HAFIZ MOD IDREES S/O PEERU TELI दर्ज है। जो सही एवं सत्य है। अतः मुझे इसी नाम HAFIZ MOD IDREES S/O PEERU TELI से जाना एवं पहचाना जावें।

शपथकर्ता-**हाफिज मो. इदरीस पिता पीरू तेली भीमराव अंबेडकर वार्ड नं.14 हरदा म.प्र.**

### जाहिर सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने विक्रेता श्रीमती साधना पत्नि सुरेन्द्र जैन निवासी हरदा तहसील हरदा जिला हरदा म.प्र.से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि मौजा ग्राम हरदा खुर्द प.ह.न.06 खसरा क्रमांक 20/68 रकवा 0.1510 हेक्टेयर भूमि जिसकी चतुरसीमा उत्तर तथा दक्षिण में तार मोहम्मद की संपत्ति पूर्व में नारायण पटेल की संपत्ति एवं पश्चिम में रास्ता है को क्रय करने का सौदा किया है। उपरोक्त सौदाशुदा भूमि के संबध में यदि किसी बैंक, संस्था, साहूकार अथवा किसी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह इस सूचना के प्रकाशान के 07 दिवस की अवधि में मय दस्तावेज के लिखित आपत्ति मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। म्याद गुजरने जाहिर सूचना की, मेरे पक्षकार उक्त भूमि का पंजीयन विक्रय पत्र उक्त विक्रेता से अपने पक्ष में निष्पादित करा लेंगे। उक्त दशा में किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। अतः सर्वसाधारण को सूचित हो

**प्रमोद वाजपेयी अधिवक्ता आयकर कार्यालय के पास छिपानेर रोड़, हरदा, जिला हरदा मो. 9977696302**

आरोपः चेहरा देखकर कार्रवाई कर रही हरदा नगर पालिका

# 19 साल में भी वसूली नहीं, रसूख वाले बकायादारों को दिया जा रहा संरक्षण

**जागरण, हरदा।** नगर पालिका परिषद पर एक बार फिर पक्षपात और राजनीतिक हस्तक्षेप के गंभीर आरोप लगे हैं। दरअसल वर्ष 2006 में नगर पालिका ने वरदान परिसर की दुकानों की नीलामी की थी, जिसमें नियमों के अनुसार 30 दिन के भीतर पूर्ण राशि जमा करना अनिवार्य था लेकिन दुकानों के आवंटित होने के 19 वर्ष बाद भी कई दुकानदारों से राशि की वसूली नहीं की गई है और कुछ मामलों में साफतौर पर राजनीतिक संरक्षण मिलने के आरोप लग रहे हैं। प्रमुख मामला योगेश सिंह पिता मनोहर सिंह का सामने आया है, जिन्होंने 98 हजार रुपए में दुकान खरीदी थी, लेकिन आज तक मात्र 34 हजार रुपए ही जमा किए हैं। शेष 64 हजार रुपए की राशि अब तक बकाया है। हैरानी की बात यह है कि इस अवधि में नगर पालिका ने कोई ठोस वसूली कार्रवाई नहीं की, जिससे प्रशासन की नीयत पर सवाल उठ रहे हैं, जबकि अन्य बकायादारों के इसी तरह के मामलों में नपा ने कार्रवाई करने में कोई संकोच नहीं किया। ऐसे में पक्षपात के सवाल उठना लाजमी हैं।

### एक ही परिसर में दोहरे मापदंड

नगरपालिका सूत्रों के अनुसार, उसी परिसर में राकेश कुमार मोहनलाल तलरेजा की दुकान को नगर पालिका ने सील कर दिया, जबकि योगेश सिंह की बकाया दुकान पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि जब नगर पालिका की टीम योगेश सिंह की दुकान को सील करने पहुँची, तो एक प्रभावशाली नेता के फोन के बाद कार्यवाही रोक दी गई और टीम लौट गई।

### राजनीतिक दबाव का आरोप

इस प्रकरण को लेकर नेता प्रतिपक्ष अमर रोचलानी ने कहा कि यह केवल प्रशासनिक लापरवाही नहीं, बल्कि राजनीतिक दबाव और संभावित भ्रष्टाचार का स्पष्ट उदाहरण है। उन्होंने मांग की कि यदि शीघ्र उचित कार्रवाई नहीं की गई, तो नगर परिषद की कार्यप्रणाली पर जनता का विश्वास उठ जाएगा।

### ये हैं प्रमुख मांगें

जिन दुकानों की राशि नियत समय में जमा नहीं हुई, उनकी अनुमति तत्काल निरस्त कर पुनः नीलामी की जाए। योगेश सिंह की दुकान को सील न करने के पीछे किस नेता का दबाव था, इसकी निष्पक्ष जांच की जाए। पूरे प्रकरण में लिप्त नगर पालिका अधिकारियों और कर्मचारियों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई हो। कांग्रेस पार्षदगण और नागरिक समाज ने चेताया है कि यदि पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित नहीं हुई तो इस मामले को लेकर सड़क से सदन तक आंदोलन किया जाएगा।

## नगर पालिका की सराहनीय पहलः सफाई कर्मियों को मिले रेनकोट, बारिश में काम होगा आसान



**जागरण, हरदा।** नगर पालिका परिषद हरदा ने गुरुवार को एक मानवीय और व्यावहारिक पहल करते हुए 200 सफाई कर्मियों को रेनकोट वितरित किए। बरसात के मौसम में खुले में कार्य करने वाले कर्मियों को होने वाली दिक्कतों को देखते हुए यह कदम उठाया गया है। नपाध्यक्ष भारती कमेडिया ने बताया कि वर्षा के दौरान नालियों की सफाई और सार्वजनिक स्थलों पर काम करते समय कर्मचारियों को तमाम कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इसी को ध्यान में रखते हुए सभी फील्ड कर्मचारियों को सेफ्टी किट और रेनकोट वितरित किए जा रहे हैं। पहले चरण में 200 सफाईकर्मियों को रेनकोट दिए गए हैं, जल्द ही शेष 150 कर्मियों को भी यह सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा ये सफाईकर्मी हमारे असली देवदूत हैं। शहर की बेहतर स्वच्छता रैंकिंग इनकी मेहनत का ही परिणाम है। स्वच्छ भारत मिशन अब केवल एक अभियान नहीं, बल्कि जन आदत और जिम्मेदारी बन चुका है। रेनकोट मिलने से कर्मचारियों को बारिश के दौरान न केवल कार्य सुविधा मिलेगी, बल्कि गीले कपड़ों और संक्रमणजनित बीमारियों से भी बचाव होगा। सफाईकर्मी माधुरी सारवान ने कहा हम सालों से नगर पालिका में काम कर रहे हैं, लेकिन पहली बार रेनकोट मिले हैं। यह वास्तव में राहत देने वाली पहल है। जनप्रतिनिधियों को कर्मचारियों की जरूरतों का ध्यान रखना चाहिए। नगर पालिका की यह पहल न केवल कार्यशीलता बढ़ाएगी, बल्कि सफाई कर्मियों के सम्मान और सुरक्षा की दिशा में भी एक सकारात्मक संदेश देगी।

तिलभांडेश्वर मंदिर में महिलाएं कर रहीं निर्माण

## मंत्रोचार के साथ हो रहा पार्थिव शिवलिंग का अभिषेक



**जागरण, सिराली।** नगर के ऐतिहासिक प्रसिद्ध तिलभांडेश्वर महादेव मंदिर में पुण्य पावन श्रावण माह में पंडित दिनेश दाधीच के मुखारविंद से 11 दिवसीय आयोजन किया जा रहा है। विधि विधान से कथा एवम् मंत्रोचार के साथ पार्थिव शिवलिंग का अभिषेक किया जा रहा है। पार्थिव शिवलिंग के अभिषेक एवम् कथा का यह लगातार पांचवां वर्ष है, जिसमें नगर की बहने प्रतिदिन हिस्सा लेकर मिट्टी से पार्थिव शिवलिंग बनाती हैं, उनका अभिषेक पूजन कर उनका श्रृंगार कर भोग लगाकर आरती की जाती है, तत्पश्चात विषर्जन किया जाता है। पंडित ज्योतिषाचार्य दिनेश दाधीच द्वारा पूर्ण विधि विधान के साथ पार्थिव शिवलिंग का पूजन अर्चन एवं अभिषेक करवाया जा रहा है।

मिट्टी से पार्थिव शिवलिंग बनाने की प्रक्रिया के दौरान शिव महापुराण एवम् आध्यात्मिक प्रवचन की अमृत रस वर्षा पंडित दिनेश के मुखारविंद से होती है। इस पावन आयोजन में नगर की महिलाएं पुण्य लाभ प्राप्त कर रही हैं। इस धार्मिक आयोजन में नगर के भक्तों के द्वारा मिट्टी एकत्रित करना, उसे छान कर शिवलिंग बनाने योग्य बनाना एवं शिवलिंग के अभिषेक पूजन आरती के पश्चात उन्हें नदी में ले जाकर विसर्जन करने में महत्वपूर्ण सहयोग दिया जा रहा है।

## स्कूली बच्चों ने लगाए पौधे संरक्षण का संकल्प लिया



**जागरण, टिमरनी।** संकल्प पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में गुरुवार को ग्रीन डे एवं हरियाली अमावस्या का उत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण में विविध प्रकार के पौधे रोपे गए और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और रंग-बिरंगे परिधानों में हरियाली का संदेश दिया। शिक्षकों ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें पर्यावरण के महत्व की जानकारी दी। इस अवसर पर विद्यालय समिति के सदस्य ओम प्रकाश शुक्ला, विनायक राव गद्रे, निलेश जोशी सहित अन्य समिति सदस्य भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। समिति सदस्यों ने बच्चों की प्रस्तुति की सराहना करते हुए वृक्षारोपण का महत्व समझाया। विद्यालय के समस्त शिक्षकों एवं स्टाफ ने कार्यक्रम की तैयारी पूर्व से ही पूरी निष्ठा से की थी, जिसका परिणाम रहा कि आयोजन अत्यंत सफल एवं प्रेरणादायक रहा। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा पोस्टर, भाषण, नृत्य और समूह गीत की प्रस्तुति दी गई, जिसमें हरियाली एवं प्रकृति संरक्षण का संदेश प्रमुखता से उभरा। विद्यालय प्रबंधन ने भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया, ताकि बच्चों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ती रहे।

किसान कांग्रेस का धरना आंदोलन आज हरदा में

## मूंग की खरीदी, बीमा और भुगतान सहित कई मुद्दों को लेकर उठाई जाएगी आवाज

**जागरण, हरदा।** किसान तू रहेगा मौन, तो तेरी सुनेगा कौन, इसी नारे के साथ जिला किसान कांग्रेस द्वारा 25 जुलाई 2025 शुक्रवार को दोपहर 12.30 बजे कृषि उपज मंडी प्रांगण, हरदा में धरना आंदोलन आयोजित किया जाएगा। इस आंदोलन का उद्देश्य जिले के किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर शासन-प्रशासन का ध्यान आकर्षित करना है। जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष मोहन साई ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में पर्याप्त मात्रा में मूंग उपजाने वाले किसानों को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। प्रमुख मांगों में समर्थन मूल्य पर मूंग बेच चुके किसानों को तुरंत भुगतान किया जाए, जिन किसानों की खरफ फसल बीमा के बीजों के विवाद के कारण अटकी है, उन्हें राहत राशि दी जाए, समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी की तारीख 30 अगस्त तक बढ़ाई जाए। खरीफ बीज वितरण में अनियमितता से प्रभावित किसानों को क्षतिपूर्ति दी जाए। मार्च, अप्रैल, मई और जून 2025 में गेहूं, चना, मसूर, सरसों आदि की बिक्री के बावजूद जिन किसानों को भुगतान नहीं मिला है, उन्हें राशि जल्द दिलाई जाए, जिन किसानों की फसल सर्वे में हजारों एकड़ में खड़ी मिली है, लेकिन नुकसान नहीं दर्शाया गया, उन सभी को राहत राशि दी जाए, किसान कांग्रेस ने सरकार से मांग की है कि किसानों के हितों की रक्षा की जाए और समय पर आर्थिक मदद सुनिश्चित की जाए शामिल हैं। श्री साई ने बताया कि धरना आंदोलन में बड़ी संख्या में किसानों की उपस्थिति की संभावना है, ताकि उनकी आवाज शासन-प्रशासन तक प्रभावी रूप से पहुंचे।

### स्वास्थ्य केंद्र सिराली में 12 महिलाओं के नसबंदी ऑपरेशन हुए

**जागरण, हरदा।** सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र सिराली में गुरूवार को स्वास्थ्य विभाग द्वारा परिवार कल्याण कार्यक्रम के तहत एफआरएचएस यूनिट बैतूल के माध्यम से नसबंदी शिविर का आयोजन किया गया। शिविर प्रभारी डॉ आरके चौधरी ने बताया कि शिविर में 12 महिलाओं के नसबंदी ऑपरेशन किए गए। शिविर में डॉ कमलेश गौढ, डॉ रूपेन्द्र गुर्जर व डॉ आरके चौधरी ने महिलाओं का मेडिकल चैकअप किया। उन्होने बताया कि आगामी नसबंदी कैम्प 31 जुलाई को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सिराली में लगाया जाएगा।

### दस्तक अभियान के तहत 5 वर्ष तक के बच्चों की हो रही स्वास्थ्य जांच

**जागरण, हरदा।** प्रदेश में बाल मृत्यु के प्रकरणों में कमी लाने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग द्वारा दस्तक अभियान प्रारम्भ किया गया। यह अभियान 16 सितम्बर तक जारी रहेगा। अभियान के तहत जिले के स्वास्थ्य केन्द्रों में 5 वर्ष तक के बच्चों की स्क्रीनिंग कर समुचित उपचार किया जा रहा है तथा उन्हें विटामिन ए की दवा भी पिलाई जा रही है। अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग एवं महिला बाल विकास विभाग के संयुक्त दल एएनएम, आंगनवाडी कार्यकर्ता व आशा कार्यकर्ता द्वारा घर-घर दस्तक देकर प्रत्येक बच्चे की जांच की जा रही है। इस दौरान निमोनियाग्रस्त बच्चों की जॉच व इलाज, कुपोषित की जॉच व उसे पोषण पुनर्वास केन्द्र में भर्ती करने, दस्त रोग डायरिया से पीडित बच्चों के पालकों को ओआरएस घोल बनाने के संबंध में भी जानकारी दी जा रही है।

### सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की जान बचाएं और 25 हजार पाएं

**जागरण, हरदा।** सडक दुर्घटनाओं में होनी वाली मृत्युदर में कमी लाने के लिए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की अध्यक्षता में गत केबिनेट बैठक में लिए गए निर्णय अनुसार राह वीर योजना शुरू की गई है। योजना की गाईड लाईन जारी कर दी गई है। गाईड लाईन के अनुसार सडक दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को गोल्डन आवर अर्थात दुर्घटना से एक घंटे के भीतर का समय में अस्पताल पहुंचाने वाले राह वीर को 25 हजार रूपये की नगद प्रोत्साहन राशि एवं प्रशस्ति पत्र दिया जायेगा। इसके साथ ही चुने हुए राह वीरों में से सबसे योग्य 10 राह वीरों को राष्ट्रीय स्तर पर एक-एक लाख रुपये पुरस्कार स्वरूप दिये जायेंगे।

**राह वीर के लिए पात्रताः** कोई भी व्यक्ति जो मोटर यान सडक दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को गोल्डन ऑवर में अस्पताल या ट्रामा केयर सेंटर तत्परता से पहुँचाकर जान बचाता है, ऐसे सभी व्यक्ति राह वीर योजना के लिए पात्र होंगे। गोल्डन ऑवर अर्थात दुर्घटना होने के एक घंटे के भीतर गंभीर रूप से घायल व्यक्ति की जान बचाने के लिए चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराना है।

**कैसे चुने जाएंगे राह वीरः** कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित कमेटी द्वारा पुलिस थाना, अस्पताल-ट्रामा केयर सेंटर से प्राप्त जानकारी के मुताबिक प्रकरणों की समीक्षा की जाएगी। इसकी प्रति संबंधित राह वीर को भी भेजी जाएगी। मूल्यांकन समिति में संबंधित जिले के जिला मजिस्ट्रेट, एसएसपी, सीएमएचओ, आरटीओ शामिल होंगे। ये समिति मासिक आधार पर प्रस्तावों की समीक्षा कर उन्हें मंजूरी देगी। चुने हुए राह वीर को राज्य परिवहन आयुक्त द्वारा सीधे बैंक खाते में प्रोत्साहन राशि का अंतरण किया जाएगा। राज्य स्तर पर इसकी निगरानी के लिए प्रमुख सचिव, गृह की अध्यक्षता में एक राज्य स्तरीय निगरानी समिति बनाई जाएगी। जो हर तीन महीने में योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा करेंगे।

### संजीवनी क्लीनिक में एक दिवसीय महिला स्वास्थ्य शिविर सम्पन्न

**जागरण, हरदा।** हरदा शहरी क्षेत्र में नवीन मुख्यमंत्री संजीवनी क्लिनिक विकासनगर वार्ड क्रमांक 34 तथा बैरागढ स्थित मुख्यमंत्री संजीवनी क्लिनिक में गुरूवार को एक दिवसीय महिला स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इन शिविरों में कुल 66 महिलाओं हितग्राहियों की स्वास्थ्य जांच की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एचपी सिंह ने बताया कि विकास नगर स्थित संजीवनी क्लिनिक में डॉ मंजूषा पराते ने हितग्राहियों का निःशुल्क परीक्षण किया। इस दौरान उन्होने कुल 31 महिला हितग्राहियों का स्वास्थ परीक्षण किया। इस दौरान उन्होने 7 एएनसी का परीक्षण भी किया गया। इसी बैरागढ स्थित संजीवनी क्लिनिक में डॉ यामिनी मानकर ने कुल 35 महिला हितग्राहियों का स्वास्थ परीक्षण किया। इस दौरान उन्होने 3 एएनसी का परीक्षण भी किया गया।

पीएमश्री कॉलेज की नई बिल्डिंग में दरारें, छत से टपक रहा बारिश का पानी

## 3.53 करोड़ की लागत से बना भवन दो साल में ही देने लगा जवाब, ठेकेदार पर कार्रवाई की मांग




**जागरण, हरदा।** शासकीय पीएम श्री स्वामी विवेकानंद आर्ट्स एंड कॉमर्स कॉलेज हरदा की नई बिल्डिंग में निर्माण संबंधी गंभीर खामियां सामने आई हैं। विश्व बैंक योजना के तहत लगभग 3 करोड़ 53 लाख रुपए की लागत से तैयार किए गए छह अतिरिक्त कमरों की बिल्डिंग महज दो साल में ही जर्जर स्थिति में पहुंच गई है। जगह-जगह दरारें और छत से टपक रहा पानी भवन की गुणवत्ता पर सवाल खड़े कर रहा है।

### भवन की गुणवत्ता पर उठ रहे सवाल

5 फरवरी 2023 को तैयार हुए इस भवन की छत से बारिश का पानी रिसने लगा है। कमरों की दीवारों और कॉलम में बड़ी दरारें साफ नजर आ रही हैं। वहीं पिलरों से भी पानी का रिसाव हो रहा है। इससे भवन की गुणवत्ता पर सवाल उठ रहे हैं।

### कक्षाओं की कमी को देखते हुआ था निर्माण

कॉलेज में कक्षाओं की कमी को देखते हुए यह निर्माण कार्य लोक निर्माण विभाग द्वारा कराया गया था। छात्र संगठन से जुड़े शुभम सुरमा ने खराब गुणवत्ता के लिए ठेकेदार पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

### अभी वारंटी पीरियड में बिल्डिंग

कॉलेज की प्रभारी प्राचार्य डॉ संगीता बिले ने बताया कि यह बिल्डिंग अभी तीन साल की वारंटी अवधि में है। निर्माण एजेंसी को सूचित कर शीघ्र मरम्मत की मांग की जाएगी। इससे सरकारी निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हुए हैं, बल्कि विद्यार्थियों की सुरक्षा को लेकर भी चिंता बढ़ा दी है।

### नगर परिषद के शौचालय तोड़ने के प्रस्ताव पर कांग्रेस ने जताई आपत्ति, सौंपा ज्ञापन



**जागरण, टिमरनी।** नगर परिषद टिमरनी द्वारा 25 जुलाई को प्रस्तावित बैठक में शहर के दो प्रमुख शौचालयों को तोड़ने के प्रस्ताव के विरोध में नगर कांग्रेस कमेटी ने कड़ा विरोध दर्ज कराया है। बुधवार को कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल ने एसडीएम महेश बडौले को ज्ञापन सौंपा और इस प्रस्ताव को अवैधानिक बताते हुए रोक लगाने की मांग की। नगर कांग्रेस अध्यक्ष सुभाष जायसवाल के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया कि मंडी रोड पुलिया के पास स्थित शुलभ शौचालय वर्ष 2014 में 15 लाख रुपये की लागत से बनाया गया था, जिसे सुलभ इंटरनेशनल संस्था को 30 वर्ष के अनुबंध पर संचालन एवं संधारण हेतु सौंपा गया था। कांग्रेस का आरोप है कि नगर परिषद की अनदेखी के कारण यह शौचालय क्षतिग्रस्त हुआ, जबकि इसकी मरम्मत की जिम्मेदारी संबंधित संस्था की है। कांग्रेस ने शौचालय को तोड़ने के बजाय दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। इसके अतिरिक्त वर्ष 2018 में शासकीय अस्पताल के पास बने एक अन्य शौचालय को भी तोड़ने का प्रस्ताव नगर परिषद की बैठक में लाया जा रहा है, जिसे कांग्रेस ने अनुचित और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वाला बताया है। ज्ञापन में वार्ड क्रमांक 10 में स्थित भैरव बाबा मंदिर के पीछे बने शौचालय को शीघ्र चालू करने की मांग भी की गई। कांग्रेस ने कहा कि नगर परिषद द्वारा लगभग दो वर्ष पूर्व पुराने शौचालय को तोड़कर पास ही नया शौचालय बनाया गया, लेकिन उसे ताले में बंद रखा गया है। इतवारा बाजार से गांधी चौक तक शौचालय की सुविधा नहीं होने से नागरिकों और दुकानदारों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस अवसर पर पार्षद हीरा घुरे, विधायक प्रतिनिधि ओम मिश्रा, शैकी उपाध्याय, रितु सोलंकी, मंडल अध्यक्ष जितेन्द्र सोनकिया, राजेश योगी, गिरीश घुरे, शिवम कनोजिया, अनीश शाह, श्रीकर गद्रे, गुल्लन वर्मा सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बाल अधिकारों और नशामुक्ति को लेकर किया जागरूक



**जागरण, हरदा।** मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती तृप्ति शर्मा के मार्गदर्शन में बुधवार को जिले के हाई स्कूल रुन्दलाय, एकीकृत माध्यमिक शाला गुल्लास, ग्राम पंचायत भवरास, ग्राम पंचायत लछौरा एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नयागांव में विधिक जागरूकता शिविरों का आयोजन किया गया। शिविर में न्यायाधीश एवं सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण चंद्रशेखर राठौर ने बच्चों के अधिकारों के संरक्षण एवं संवर्द्धन के लिए जागरूकता बढाने, शिक्षा को बढावा देने और बाल यौन शोषण, बाल विवाह, बाल श्रम आदि अपराधों के बारे में लोगों को जागरूक किया। उन्होने बताया गया कि डॉन स्कीम राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा नशा उन्मूलन हेतु शुरू की गई एक पहल है। इसका उद्देश्य बालकों व किशोरों में नशीले पदार्थों के उपयोग के विरूद्ध जागरूकता बढाना और नशे के शिकार लोगों को कानूनी सहायता व कल्याणकारी सेवाएं प्रदान करना है। सचिव श्री राठौर ने नालसा नशा पीडितों को विधिक सेवाऐं एवं नशा उन्मूलन के लिए विधिक सेवाऐं योजना के उपबंधों की जानकारी देते हुए बताया कि योजना के तहत ड्रग्स तस्करी एवं ड्रग्स पीडितों को जिला प्राधिकरण के द्वारा आवश्यक विधिक सेवा उपलब्ध करायी जाती है। योजना के तहत ड्रग्स पीडितों को पहचानने, उनका उपचार करने तथा नशा मुक्ति के पश्चात उनके पुनर्वास में उपलब्ध बुनियादी सुविधाओं को गतिमान कराया जाता है। साथ ही ड्रग्स के खतरों एवं इसके उन्मूलन के प्रभावी उपायों के विषय में संवेदनशील बनाया जाता है। जिला विधिक सहायता अधिकारी सौरभ कुमार दुबे ने बच्चों के लिए मैत्रीपूर्ण विधिक सेवा योजना, पॉक्सो एक्ट, मध्यप्रदेश अपराध पीडित प्रतिकर योजना, नालसा लैंगिक हमलों व अन्य अपराधों की पीडिताओं सर्वाईवर्स महिलाओं के लिए प्रतिकर योजना की जानकारी उपस्थितजनों को दी। श्री दुबे ने राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित संवाद योजना के तहत अनुसुचित जनजाति एवं सुदुर क्षेत्र में निवासरत लोगों को भी उनके संवैधानिक व वैधानिक अधिकारों की जानकारी दी। शिविर में ग्राम रूंदलाय सचिव नारायण प्रसाद भाटी, ग्राम गुल्लास सचिव मोहन, प्रधान पाठक श्रीमती भारती परिहार, ग्राम भवरास सरपंच रामप्रसाद धुर्वे, सचिव मोहन गदवाने, सहायक सचिव श्रीमती सरोज, ग्राम लछौरा सरपंच शंकर सिंह राजपूत, सचिव बसंत कुमार चंदेले, ग्राम नयागांव सरपंच महेंद्र कुमार यदुवंशी, सह सचिव धर्मेंद्र धनवारे एवं शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं, ग्रामीणजन एवं पैरालीगल वॉलेंटियर्स राहुल जाट उपस्थित रहे।